**सुविचार**

सफलता मेहनत का फल है, कभी हार मत मानो।

# दैनिक पंचकूला ऑब्जर्वर




सच के साथ, समाज के साथ

वर्ष : 1 | अंक : 21 | पंचकूला। बुधवार, 25 फरवरी 2026 | www.panchkulaobserver.com | मूल्य : 3 रुपए | RNI No. : HRBIL/25/4317 | पृष्ठ : 4

## एक नजर

### उदय भानु चिब को चार दिन की पुलिस कस्टडी में भेजा

**नई दिल्ली, 24 फरवरी।** पटियाला हाउस कोर्ट ने इंडियन यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब को मंगलवार को चार दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। अदालत ने सुनवाई के बाद यह आदेश सुनाया। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए अदालत परिसर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।

### केरल का नाम बदलकर केरलम रखा जाएगा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मंगलवार को महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए केरल का नाम बदलकर केरलम करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट बैठक के बाद इस फैसले की जानकारी दी। उन्होंने इस फैसले को लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करने वाला कदम बताया। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अपने संबोधन में कहा कि कैबिनेट में लिए गए अहम फैसलों में सबसे प्रमुख निर्णय केरल का नाम बदलकर केरलम करना है।

### पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में पुलिस वाहन पर फायरिंग, 7 की मौत

**पेशावर, 24 फरवरी।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में हुई अंधाधुंध फायरिंग में डीएसपी समेत सात पुलिसवालों के मारे जाने की खबर है। ये हमला केपी के कोहाट जिले में मंगलवार को हुआ। स्थानीय मीडिया ने इसकी जानकारी दी है। प्रमुख दैनिक डॉन ने पुलिस के हवाले से बताया कि हमला लाची के डीएसपी (पुलिस उपाधीक्षक) को निशाने पर लेकर किया गया था। उनके पुलिसिया वाहन पर शकरदरा रोड के पास हथियारबंद हमलावरों ने जबरदस्त फायरिंग की।

## बुजुर्ग हमारे लिए बहुत आदरणीय, सरकार ने बुजुर्गों का हमेशा सम्मान किया : सीएम नायब

» सरकार ने बुजुर्गों के इलाज की व्यवस्था करते हुए 5 लाख रुपये तक राशि सुनिश्चित कर रखी



*सीएम नायब सैनी बजट सत्र के दौरान सदन को संबोधित करते हुए।*

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़, 24 फरवरी।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि बुजुर्ग हमारे सम्मानीय हैं और उनकी सुरक्षा और सम्मान करना हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

मुख्यमंत्री आज हरियाणा विधान सभा के बजट सत्र के दौरान पेंशन काटने के संबंध में एक सवाल के संबंध में बोल रहे थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने अपने संकल्प पत्र में यह स्पष्ट किया है कि 70 वर्ष से ऊपर के बुजुर्ग यदि किसी बीमारी से पीड़ित होते हैं, तो उनके परिवार को ईलाज की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। उनके ईलाज की प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा सरकार ने व्यवस्था करते हुए 5 लाख रुपये तक राशि सुनिश्चित कर रखी है। उन्होंने पेंशन को लेकर विपक्ष पर प्रहार करते हुए कहा पेंशन बंद किए जाने को लेकर विपक्ष अफवाहें फैला रहा है। यह अफवाहें फैलाकर पाप कर रहे है कि बुजुर्गों की पेंशन काट दी गई है। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों के बीच ऐसा भ्रम फैलाना पूरी तरह गलत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने पेंशन काटी नहीं है, बल्कि उसमें बढ़ोतरी कर उनके सम्मान को बढ़ाने का काम किया है। प्रदेश में आज बुजुर्गों को उनके मोबाइल पर एसएमएस के माध्यम से सूचना मिलती है कि उनकी पेंशन बैंक खाते में जमा हो गई है। वे आसानी से बैंक से राशि निकाल सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस सरकार के समय की तुलना करते हुए कहा कि पहले बुजुर्गों को कई महीनों तक पेंशन नहीं मिलती थी। उन्हें कार्यालयों के चक्कर काटने पड़ते थे। गर्मी और दूरी में परेशानियां होती थीं, और उनकी कोई सुध लेने वाला नहीं था। उन्होंने कहा कि पेंशन के संबंध में यदि कोई शिकायत आती है तो उसे सत्यापित करना सरकार की जिम्मेदारी है। सत्यापन की प्रक्रिया के दौरान पेंशन को होल्ड कर दिया जाता है, लेकिन सत्यापन पूरा होते ही राशि जारी कर दी जाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार ने बुजुर्गों के लिए पारदर्शी, सम्मानजनक और सुविधाजनक व्यवस्था बनाई है।

### हरियाणा सरकार रख रही है जनता के पैसे की एक-एक पाई का हिसाब

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के मामले पर सदन के समक्ष बताया कि इस प्रकरण में शामिल हरियाणा सरकार के विभाग व बोर्ड कॉरपोरेशन सहित संपूर्ण राशि का शत-प्रतिशत भुगतान आईडीएफसी फर्स्ट बैंक द्वारा विभिन्न विभागों के खातों में वापस जमा कर दिया गया है। बैंक द्वारा कुल 556 करोड़ रुपये जमा करवाए गए हैं, जिसमें लगभग 22 करोड़ रुपये ब्याज भी शामिल हैं। 24 घंटे से भी कम समय में सरकार द्वारा बैंक के उच्चाधिकारियों के सहयोग से पूरा पैसा रिकवर कर लिया गया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सदन में कहा कि आज देश में नरेंद्र मोदी जैसा मजबूत चौकीदार है, जिनके नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार जनता के पैसे की एक -एक पाई का हिसाब रख रही है। उन्होंने कहा कि यह हरियाणा के 2 करोड़ 80 लाख लोगों की मेहनत का पैसा है और इसे उनके कल्याण पर ही खर्च किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वित्त सचिव की अध्यक्षता में बनाई गई हाई-लेवल कमेटी कर्मचारियों और अधिकारियों की जवाबदेही तय करेगी।

## औद्योगिक विकास को नई गति देने की कवायद, वर्षों से लंबित समस्याओं के समाधान की दिशा में बड़ा कदम

» पंचकूला चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज़ के चेयरमैन एवं हरियाणा इंडस्ट्री लेबर फ्रेंडली काउंसिल के सदस्य अरुण ग्रोवर की उपायुक्त सतपाल शर्मा से विस्तृत चर्चा

पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता

**पंचकूला।** औद्योगिक विकास को नई गति देने और लंबे समय से लंबित मूलभूत समस्याओं के समाधान को लेकर आज एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। पंचकूला चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज़ के चेयरमैन एवं हरियाणा इंडस्ट्री लेबर फ्रेंडली काउंसिल के सदस्य अरुण ग्रोवर ने पंचकूला के उपायुक्त सतपाल शर्मा के साथ औपचारिक मुलाकात कर इंडस्ट्रियल एरिया से जुड़े ज्वलंत मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। बैठक में पंचकूला महानगर विकास प्राधिकरण के उपमंडल अधिकारी पूरन चौधरी, हरियाणा राज्य औद्योगिक और बुनियादी ढांचा विकास निगम लिमिटेड के प्रबंधक अभियंता ऋषभ अरोड़ा, उपमंडल अभियंता विकास कुमार (कनिष्ठ अभियंता) तथा पीसीसीआई के सदस्य संजीव तलवार भी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान इंडस्ट्रियल एरिया में वर्षों से चली आ रही समस्याओं—जर्जर सड़कें, अवरुद्ध सीवरेज व्यवस्था, कूड़ा निस्तारण की अनियमितता, स्लिप




रोड की बदहाल स्थिति, अपर्याप्त स्ट्रीट लाइट, पार्कों एवं हरित क्षेत्र के रख-रखाव की कमी—पर विस्तार से चर्चा की गई। औद्योगिक इकाइयों द्वारा झेली जा रही इन कठिनाइयों का सीधा प्रभाव उत्पादन, निवेश और रोजगार पर पड़ रहा है, जिसे गंभीरता से लेते हुए प्रशासन से त्वरित और स्थायी समाधान की मांग की गई।

अरुण ग्रोवर ने स्पष्ट कहा कि उनका लक्ष्य पंचकूला इंडस्ट्रियल एरिया को एक ÷मॉडल औद्योगिक क्षेत्र÷ के रूप में स्थापित करना है, जहां आधारभूत सुविधाएं सुदृढ़ हों, स्वच्छता और सुव्यवस्था हो तथा निवेशकों के लिए सकारात्मक वातावरण निर्मित हो। उन्होंने बताया कि इस उद्देश्य को लेकर वे लंबे समय से अभियान चला रहे हैं और निरंतर उद्योग जगत की आवाज को प्रशासन तक पहुंचा रहे हैं। उन्होंने उपायुक्त सतपाल शर्मा की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि वे एक कर्मठ, ईमानदार और परिणामोन्मुख अधिकारी हैं, जिनकी प्राथमिकता विकास कार्यों को गति देना और जनहित से जुड़े मामलों का त्वरित समाधान करना है। ग्रोवर ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं का शीघ्र समाधान संभव होगा।

उपायुक्त ने भी उद्योग प्रतिनिधियों की बातों को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश देने का आश्वासन दिया। बैठक का वातावरण सकारात्मक, संवादपूर्ण और समाधान केंद्रित रहा। उद्योग जगत को आशा है कि प्रशासन और उद्योग संगठनों के समन्वित प्रयासों से पंचकूला इंडस्ट्रियल एरिया को एक नई पहचान मिलेगी और यह क्षेत्र प्रदेश के अग्रणी औद्योगिक केंद्रों में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराएगा।

## पंचकूला में होगी सिद्ध जोगी वार्षिक भजन उत्सव, तीन मई को निकलेगी शोभायात्रा



पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता

**पंचकूला।** सिद्ध जोगी सेवा चेरीटेबल ट्रस्ट कार्यक्रम कमेटी रजि हरियाणा की बैठक प्रमुख संस्थापक विक्रांत बाबाजी की अध्यक्षता में हुई। जिसमें कार्यक्रम कमेटी के प्रधान निर्मल लुवाणा ने बताया कि 3व 6मई को होने वाले कार्यक्रम की तैयारी को लेकर विशेष बैठक की गई।

जिसमें रविंद्र नकई व रमेश कुमार रैला, संदीप लुवाणा ने बताया कि 3 मई को प्राचीन शिव मंदिर गांव रैला से सिद्ध जोगी बाबा पौणाहारी जी की झंड़ा शोभायात्रा धूमधाम से शुरू की जाएगी। जो कई सैकटरो से होती हुई वापिस सेक्टर 11 में पहुंच कर सम्पूर्ण होगी।

कमेटी के सीमा चौधरी ,दिनेश शर्मा, पवन महाजन तथा सलाहकार एडवोकेट दिनेश चतरथ ने बताया कि 6 मई बृधबार को वार्षिकोत्सव बाबा जी के भजन उत्सव का आयोजन हर साल की तरह इस बार भी धूमधाम से किया जाएगा।

क्योंकि इस कार्यक्रम की विशेष रूप से हिमाचली प्रवासियों में पूरजोश इंतजार रहती है।

जिसमें हिमाचली गायक बाबा जी का गुणगान करेगें। देशराज शर्मा व उमेश शर्मा, अश्वनी बरवाला, विनोद शर्मा ने कहा कि 6 म?ई को विशाल हिमाचली धाम का आयोजन किया जाएगा जिसमें हिमाचली कुक बोटी ,देग (पीतल के बड़े बड़े बर्तनों) में विशेष लकडी की आग पर बनाया जाएगा और नीचे जमीन पर बैठाकर पतलों में हिमाचली कुक (बौटीयों) द्वारा परोसा जाएगा।

विक्रांत बाबा जी व डाक्टर सीमा गुप्ता ने बताया कि हमारा उद्देश्य ये है कि हिमाचली एकता, हिमाचली नये नये कलाकारों को गायन में मौका देना और विशेष रूप से पेड़ के पत्तों की पतल को बढ़ावा देना ताकि प्लास्टिक बर्तनों का प्रयोग कम करने का संदेश देकर इस पुरानी परम्परा को जीवित रखना और इन कारीगारो को रोजगार का माध्यम बनाना है।

इसके अलावा केसी मलकानीया,सरोज शर्मा, पिंकी, मीना कुमारी, सुषमा शर्मा, डाक्टर कमलेश, मधु ठाकुर सुदेश शर्मा, अंजू , नैंसी, रमा, विक्रम सिंह, प्रवीण बाली, रोशनलाल शर्मा व अन्य ने सभी सिद्ध जोगी जी के श्रद्धालुओं से पूरजोर अपील करते हुए कि इस वार्षिक महोत्सव को धूमधाम से मनाया जाए और जाएगा आप सभी सादर आमंत्रित रहेगें।

## श्री हरिहर मंदिर में समरसता, सामर्थ्य और समर्पण के संदेश के साथ भव्य हिंदू सम्मेलन संपन्न

पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता

**पंचकूला।** धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक चेतना और सामाजिक एकता के अद्भुत संगम के रूप में सेक्टर-12ए स्थित श्री हरिहर मंदिर परिसर में रविवार को भव्य हिंदू सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पंचकूला सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, युवाओं एवं महिलाओं ने भाग लेकर वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 10-30 बजे विधि-विधानपूर्वक हवन पूर्णाहुति के साथ हुई। वैदिक मंत्रोच्चार और भक्तिमय वातावरण में उपस्थित




श्रद्धालुओं ने राष्ट्र, समाज और मानवता के कल्याण की कामना करते हुए आहुति अर्पित की। इस दौरान पूरे परिसर में भक्ति और श्रद्धा का अनूठा वातावरण देखने को मिला।

इसके पश्चात प्रातः 11-00 बजे से दोपहर 1-00 बजे तक मुख्य सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें समाज में समरसता, सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण और राष्ट्र निर्माण में समाज की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार व्यक्त किए गए।

सम्मेलन में जैन साध्वी प्रतिभा जी, हिंदू संत महंत छवि दास जी तथा सिख संत बाबा हरजीत सिंह जी (रसूलपुर वाले) ने भारतीय संस्कृति की एकता, सेवा और समर्पण की भावना, कुटुंब व्यवस्था तथा सामाजिक समरसता पर प्रेरणादायी विचार रखे।

सम्मेलन आयोजन समिति ने कार्यक्रम के सफल संचालन में सहयोग देने वाले सभी गणमान्य व्यक्तियों, स्वयंसेवकों और श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। आयोजकों ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम समाज में सकारात्मक ऊर्जा, नैतिक मूल्यों और आपसी भाईचारे को सुदृढ़ करते हैं।

आयोजन समिति के संयोजक हितेंद्र गुप्ता ने बताया कि वर्तमान समय में समाज को एक सूत्र में पिरोने की आवश्यकता है और ऐसे आयोजन आपसी सद्भाव, सहयोग एवं जागरूकता को मजबूत करते हैं।

समिति के संरक्षक सतपाल गोयल, सतपाल गुप्ता एवं विजय अग्रवाल ने संयुक्त वक्तव्य में कहा कि यह सम्मेलन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। आयोजन समिति के अन्य सदस्यों—रजनीश बंसल, जीवन सिंगला, नरेश गोयल, आशीष अग्रवाल, सुमित गोयल, अनिल कौल आदि ने भी उपस्थित सभी नागरिकों का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

## शिविर में 69 लोगों ने किया रक्तदान

पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता

**चंडीगढ़।** अस्पतालों में रक्त की कमी को पूरा करने हेतु श्री शिव कावड़ महासंघ चैरिटेबल ट्रस्ट, पंचकूला द्वारा महामाई मनसा देवी चैरिटेबल भंडारा कमेटी मनसा देवी, निफा चंडीगढ़, जीएमसीएच सेक्टर 32 चंडीगढ़ एवं रोटरी क्लब चंडीगढ़ सेंट्रल के सहयोग से सेक्टर 34 में मरीजों की सहायता के लिए रक्तदान जागरूकता शिविर लगाया गया।

रक्तदान शिविर का उद्घाटन म्युनिसिपल कॉरपोरेशन चंडीगढ़ की पार्षद श्रीमती प्रेमलता के कर कमलों द्वारा किया गया। उन्होंने युवाओं का आहवान किया कि वह इस नेक कार्य में बढ़-चढ़कर भाग ले और एक स्वस्थ व्यक्ति का इंसानी, नैतिक और सामाजिक दायित्व बनता है कि वह स्वंय को रक्तदान के लिए तैयार रखे और हर स्वस्थ व्यक्ति को इसलिए भी रक्तदान करना चाहिए क्योंकि रक्त का कोई दूसरा विकल्प नहीं है।

निफा चंडीगढ़ एवं श्री शिव



कावड़ महासंघ चैरिटेबल ट्रस्ट के डायरेक्टर रमेश नारंग एवं प्रधान राकेश कुमार संगर ने बताया कि रक्तदान का मकसद उन मरीजों की मदद करना है, जिनकी जिंदगी की डोर रक्त की कमी से कमजोर पड़ जाती है और हमारी संस्था द्वारा लगभग हर रोज रक्तदान शिविर लगाकर रक्त की कमी को पूरा करने का प्रयास किया जाता है। आज रक्तदान जागरूकता शिविर में 69 लोगों ने रक्तदान किया।

इस अवसर पर निफा चंडीगढ़ एवं श्री शिव कावड़ महासंघ चैरिटेबल ट्रस्ट के लक्ष्मन सिंह, विनीत जगोता, संतोख सिंह बिट्टू, गुलशन कुमार, राजेंद्र कौशल, शिवांजली, मक्खन सिंह एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। रक्तदाताओं को प्रशंशा पत्र, समृति चिन्ह एवं बेज देकर प्रोत्साहित किया।

**सम्मान** — ज्ञानचंद गुप्ता और अजय मिाल ने खिलायिों को किया समानित

## विक्टोरिया वॉरियर्स ने जीता टूर्नामेंट, मिला 2.21 लाख का पुरस्कार

पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता

**पंचकूला 24 फरवरी।** तीजमल क्रिकेट टूर्नामेंट की फाइनल ट्राफी विक्टोरिया वॉरियर्स ने अपने नाम कर ली। विजेता टीम को 2.21 लाख रुपये का नगद पुरस्कार, ट्राफी दी गई और उपविजेता पंचकूला लवर्स को 1.21 लाख रुपये नगद एवं ट्राफी दी गई। तीसरे रनरअप को 51000 रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। समापन समारोह में पंचकूला जिला भाजपा अध्यक्ष अजय मित्तल, हरियाणा विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, पूर्व मेयर कुलभूषण गोयल, शिवालिक विकास बोर्ड के वाइस चेयरमैन ओमप्रकाश देवीनगर, हरियाणा भाजपा की पूर्व प्रवक्ता रंजीता मेहता, समाजसेवी अनिल थापर, पंचकूला के एसडीएम चंद्रकांत कटारिया सहित अन्य उपस्थित रहे। तीजमल क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजक लैंडक्राफ्ट के प्रबंध निदेशक पंकज लिड्?डू, विपिन लिड्?डू, निर्मल धीमान और रंजीत सिंह ने आए हुए मेहमानों का स्वागत किया। विपिन लिड्?डू ने उन्हें शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया। अजय मित्तल ने लैंडक्राफ्ट के पंकज लिड्?डू और विपिन लिड्?डू को सफल आयोजन की बधाई दी और कहा कि बच्चों को नशे से दूर रखने के लिए यह आयोजन आगे भी होते रहने चाहिए। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि आज युवाओं को खेलों की तरफ लाने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में खिलाड़ियों के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। यह सौभाग्य की बात है कि इस क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ और समापन समारोह का हिस्सा बनने का अवसर मिला। जम्मू कश्मीर से विस्थापित पंकज लिड्?डू और विपिन लिड्?डू परिवार द्वारा खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के लिए यह आयोजन बहुत ही सराहनीय रहा। पूर्व मेयर कुलभूषण गोयल ने कहा कि प्रदेश सरकार खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने और उन्हें बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए लगातार तत्पर है। हाल ही के बजट में भी इसे लेकर खास प्रावधान किए गए है। युवाओं को नशों से दूर रखने के लिए खेल एक उत्कृष्ट साधन है। ऐसे में प्रदेश सरकार खेलों पर खास फोकस किए हुए है।




पंकज एवं विपिन लिड्?डू ने बताया कि फाइनल मुकाबला पंचकूला लवर्स और विक्टोरिया वॉरियर्स के बीच हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए पंचकूला लवर्स की टीम ने पांच विकेट खोकर 20 ओवर में 173 रन बनाए, जिसका पीछा करते हुए विक्टोरिया वारियर्स ने 19 ओवर में 6 विकेट खोकर 176 रन बना लिए। विक्टोरिया वारियर्स के लिए अक्षित राणा ने शानदार बल्लेबाजी की और 68 रन और पंचकूला लवर्स के लिए रिदम सत्यम ने 36 बाल में 62 रन बनाए। इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकारी अध्यक्ष अनुराधा पुरी, अलका जोशी, रेणुका शर्मा, वंदना गर्ग, निशा सैनी, ध्यान चंद अवॉर्डी ओम प्रकाश, सुभाष बंसल, विनय अरोड़ा, दिलबाग सिंह, अशोक नारंग, संजीव दुग्गल, डा. पुनीत रावल, विजय पथेजा, निर्मल चंद धीमान, रणजीत सिंह, नीतिन कुमार, कोच संदीप कुमार, दीपक कुमार, धीरज सिंह भाकुनी, देशबंधु, मदन जोशी, जयपाल गर्ग, जयपाल गुप्ता सहित बड़ी संख्या में वार्ड नंबर 13 के लोग उपस्थित रहे।

### जगराओं में सी.टी.यूनिवर्सिटी में कश्मीरी स्टूडेंट्स का हंगामा

# सहरी-इफ्तारी का खाना मांगा तो गालियां दीं, मैनेजमेंट ने वी.सी टर्मिनेट किया

पंचकूला ऑब्जर्वर



**जगराओं।** सी.टी यूनिवर्सिटी में वी.सी के गालियां देने के बाद प्रदर्शन करते हुए छात्र, इसके बाद शाही इमाम मोहम्मद उस्मान यूनिवर्सिटी पहुंचे और मैनेजमेंट के साथ बैठक की। लुधियाना की सी.टी यूनिवर्सिटी में कश्मीरी छात्रों ने रात में हंगामा किया। छात्रों का आरोप है कि उन्हें मोहर्रम के महीने में सहरी और इफ्तारी में प्रॉपर खाना नहीं मिल रहा है। मेस में बार-बार डिमांड कर रहे हैं, लेकिन डिमांड को अनदेखा किया जा रहा है।

स्टूडेंट्स ने कहा कि जब उन्होंने डिमांड की तो वीसी ने उनकी प्रॉब्लम सॉल्व करने के बजाए उन्हें गालियां तक दे दी और उन्हें यूनिवर्सिटी से बाहर निकलाने को कह दिया। इसके बाद स्टूडेंट्स ने वीसी के खिलाफ मोर्चा खोला और सुबह गेट पर धरना लगाकर बैठ गए।

मामला बिगड़ता देख भारी संख्या में पुलिस बल को वहां तैनात किया गया। एसडीएम उपिंदरजीत कौर बराड़, एसएसपी अंकुर गुप्ता भी मौके पर पहुंचे। इसके बाद शाही इमाम मोहम्मद उस्मान भी वहां पहुंचे। उन्होंने पहले स्टूडेंट की बातें सुनीं और इसके बाद प्रबंधन के साथ बैठक की। तीन दौर की बैठक के बाद प्रबंधन ने वीसी नितिन टंडन को टर्मिनेट करने का फैसला किया।

यूनिवर्सिटी के चांसलर चरणजीत सिंह चन्नी ने बताया कि वीसी डॉ नितिन टंडन को टर्मिनेट कर दिया है और एसडीएम जगराओं की अगवाई में एक कमेटी बनाई है, जो पूरे मामले की जांच करेगी। हंगामे का वीडियो जम्मू कश्मीर की पूर्व सीएम महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा मुफ्ती ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को ङ्क (ट्विटर) पर टैक कर पोस्ट किया था। उन्होंने जगराओं सीटी यूनिवर्सिटी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। टंडन को टर्मिनेट करने का फैसला किया। इसके बाद स्टूडेंट्स बार बार आते ही कैंपस में वीसी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन करना शुरू कर देते हैं और जमकर नारेबाजी करते हैं।

जिसमें उन्हेंने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को टैक कर लिया- क्या आप पंजाब की सीटी यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर द्वारा कश्मीरी मुस्लिम छात्रों के साथ दुर्व्यवहार और डराने-धमकाने का समर्थन करते हैं, सिर्फ इसलिए कि उन्होंने रमज़ान के महीने में इफ्तारी और सहरी के लिए भोजन की मांग की इल्तिजा मुफ्ती ने कहा कि यह जानकार हैरानी होती है कि कश्मीरियों पर हमला करना पंजाब जैसे राज्य में भी सामान्य बना दिया गया है। हम वाइस चांसलर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हैं। इसमें खानापूर्ति न की जाए।

### अकाली-भाजपा शासन के दौरान पंजाब में नशा फैला

# अब हरियाण भी वही पैटर्न हरियाणा में दिख रहा है: हरपाल चीमा

- भाजपा शासित गुजरात में 3,000 किलो हेरोइन ज़ब्त होने के बाद, भाजपा शासित राज्यों में ड्रग्स नेटवर्क पर गंभीर सवाल उठ रहे है

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़।** पंजाब के वित्तीय मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने मंगलवार को कहा कि नशों के विरुद्ध पंजाब सरकार की निर्णायक और निरंतर कार्रवाई के सार्थक नतीजे मिल रहे हैं, जिससे नशे के ऐसे नेटवर्क खत्म हो रहे हैं जो कभी बिना डरे काम करते थे। उन्होंने कहा कि पंजाब नशे पर अपनी कार्रवाई और लोगों की भागीदारी को मज़बूत कर रहा है, वहीं नायब सिंह सैनी सरकार के तहत हरियाणा में बढ़ते खतरे को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

यह याद करते हुए कि 2007-2017 के अकाली-भाजपा शासन में नशा पूरे पंजाब में फैल गया था, हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि ऐसा ही पैटर्न अब हरियाणा में भी देखा जा रहा है। हरियाणा पुलिस ऑफिसर सुनील संधू का जिक्र करते हुए, जिन पर एंटी-ड्रग ऑपरेशन के बाद कार्रवाई हो रही है, हरपाल सिंह चीमा ने पूछा कि हरियाणा भाजपा सरकार किसे बचाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि क्या नायब सिंह सैनी के पंजाब के बार-बार दौरे इस बात का इशारा करते हैं कि नशा तस्कर फिर से इकट्ठा होने और वापसी का रास्ता ढूंढने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि हरियाणा खुद इस संकट में और डूबता जा रहा है।

मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में वित्तीय मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि जैसे-जैसे पंजाब सरकार नशे पर अपनी पकड़ मजबूत कर रही है, नशा तस्कर राज्य छोड़कर हरियाणा को अपना नया ठिकाना बना रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की लीडरशिप वाली आप सरकार के अहम एक्शन ने पंजाब में नशे के नेटवर्क पर पकड़ मजबूत कर दी है, जिससे यह साफ हो गया है कि आपराधिक लोग अब अपना काम दूसरे राज्यों में शिफ्ट कर रहे हैं। हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि जैसे-जैसे पंजाब में नशों के खिलाफ शिकंजा कसा जा रहा है, तस्करों ने हरियाणा को अपना नया अड्डा बना लिया है। हमारी कोशिशें रंग ला रही हैं




और इसीलिए वे भागने को मजबूर हो रहे हैं। पिछले समय को याद करते हुए चीमा ने कहा कि पंजाब ने 2007-2017 के अकाली-भाजपा शासन के दौरान नशों के फैलने का खामियाजा भुगता है। भाजपा-अकाली सरकार के दौरान ही पंजाब में हेरोइन और 'चिट्टा' जैसे ड्रग्स फैले थे। पंजाब के लोगों ने उन्हें इसलिए नकार दिया क्योंकि उन्होंने खुद इस मुसीबत का सामना किया था।

हरपाल सिंह चीमा ने दावा किया कि 2022 में मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में आप सरकार के सत्ता में आने के बाद 'युद्ध नशेआं विरुद्ध' नामक आंदोलन शुरु किया था। उन्होंने कहा कि एक खास सब-कमेटी बनाई गई और जिलों में कोऑर्डिनेशन मीटिंग की गई। हाल ही में, गांव सुरक्षा कमेटियों के 1.5 लाख से ज़्यादा सदस्यों ने नशा विरोधी आंदोलन का समर्थन करने की शपथ ली, जो बड़े पैमाने पर लोगों की भागीदारी दिखाता है। आप नेता ने जोर देकर कहा कि आज हरियाणा में भी ऐसे ही हालात बन रहे हैं। वहां सरकारी मदद से नशा फैल रहा है और नशे के खिलाफ एक्शन लेने वाले पुलिस अधिकारियों को खुलेआम धमकाया जा रहा है। हरियाणा पुलिस अधिकारी सुनील संधू का जिक्र करते हुए चीमा ने कहा कि सुनील संधू सोशल मीडिया पर अपने शानदार काम के लिए जाने जाते हैं। उन्हें अपनी सर्विस के लिए कई अवॉर्ड मिल चुके हैं। हाल ही में उन्होंने नशीले पदार्थ पकड़े थे और उस कार्रवाई का वीडियो वायरल हुआ था। तब से भाजपा सरकार इस पुलिस अधिकारी को परेशान कर रही है। इससे यह गंभीर चिंता पैदा होती है कि हरियाणा सरकार किसे बचाने की कोशिश कर रही है।

उन्होंने आगे कहा कि यह सिर्फ एक घटना नहीं है। चीमा ने कहा कि भाजपा शासित गुजरात में 3,000 किलोग्राम हेरोइन पकड़ी गई। इतनी बड़ी मात्रा में नशों की बरामदगी भाजपा शासित राज्यों में नशा तस्करों के काम करने के तरीके पर गंभीर सवाल खड़े करती है।

चीमा ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के बार-बार पंजाब आने पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि नायब सिंह सैनी बार-बार पंजाब क्यों आ रहे हैं? क्या भाजपा पंजाब में एक बार फिर नशा तस्करी को फिर से शुरू करने की कोशिश कर रही है? भाजपा की सरकार के समय पंजाब जिस बुरे दौर से गुज़रा, वही अब हरियाणा में भी दिख रहा है, जो लगातार नशे के संकट में डूबता जा रहा है। पंजाब सरकार का पक्का इरादा दोहराते हुए हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि पंजाब नशा माफिया को दोबारा पैर पसारने नहीं देगा और अपनी मुहिम लगातार जारी रखेगा।

# डा. बलबीर सिंह ने नए पदोन्नत हुए एसएमओ के लिए 2 दिवसीय प्रशिक्षण प्रोगराम की शुरुआत की

- सेहत मंत्री ने जनतक स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने में एसएमओ को अग्रणी भूमिका निभाने के लिए कहा

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़।** पंजाब के स्वास्थ्य और परिवार भलाई मंत्री डा.बलबीर सिंह ने आज नए पदउन्नत हुए सीनियर मैडीकल अधिकारियों ( एस.एम.ओ.) के लिए व्यापक दो-दिवसीय सामर्थ्य निर्माण प्रशिक्षण प्रोग्राम का उद्घाटन किया, जिसमें जिला और ब्लाक स्तर पर जनतक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने वाली प्रणाली को मजबूत करने में उनकी अहम भूमिका पर जोर दिया गया।

अधिकारियों को उनकी पदउन्नती पर बधाई देते डा.बलबीर सिंह ने कहा कि यह प्रशिक्षण विशेष तौर पर उनकी प्रशासकीय, प्रबंधीकय और प्रोग्राम लागू करने की सामर्थ्य को मजबूत करने के लिए तैयार किया गया है जिससे यह यकीनी बनाया जा सके कि वह अपनी नई जिम्मेदारियों को पूरे विश्वास और कुश्लता के साथ निभा सकें। उन्होंने कहा कि राज्य की प्रमुख स्वास्थ्य पहलकदमियों की सफलता जमीनी स्तर पर इन अधिकारियों के नेतृत्व, निगरानी और वचनबद्धता पर निर्भर करती है।

स्वास्थ्य मंत्री ने एसएमओज को मुख्य मंत्री सेहत योजना (एमएमएसवाई) सहित प्रमुख स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावशाली



लागू करने को यकीनी बनाने के निर्देश देते एमएमएसवाई के अंतर्गत लाभपातरियों के 100 प्रतिशत नामांकन और समय पर कार्ड बनाने को यकीनी बना कर प्रगति की नजदीक से निगरानी करने को कहा। एमएमएसवाई के अंतर्गत एसएमओज स्थानीय स्वास्थ्य संभाल को और मजबूत करने के लिए फंडों का प्रयोग कर सकते है।

डा. बलबीर सिंह ने सीनियर मैडीकल अधिकारियों को आम आदमी कलीनिकों में दवाएं और डायगनौस्टिक्स सेवाओं की निर्विघ्न स्पलाई को यकीनी बनाने के निर्देश देते नई सुविधाओं की निगरानी करने के लिए भी कहा। उन्होंने एसएमओज को युद्ध नशियां विरुद्ध पहलकदमी के अंतर्गत नशा छुड़ाओ सेवाओं को मजबूत करने और ओट क्लीनिकों की निगरानी करने का काम भी सौंपा।

स्वास्थ्य मंत्री ने मुफ्त दवाओं सम्बन्धित पहलकदमी की महत्ता पर जोर दिया, जिसमें जरूरी दवाओं की 100 प्रतिशत उपलब्धता को यकीनी बनाने साथ-साथ दवाओं कमी को रोकने के लिए पारदर्शी ढंग के साथ स्टाक प्रबंधन यकीनी बनाया गया है। उन्होंने एसएमओज को 30 साल से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों की हाईपरटैनशन, शुगर और कैंसर के लिए एनसीडी स्क्रीनिंग प्रोग्राम की निगरानी करने की जिम्मेदारी सौंपी और टीबी मुक्त अभियान 100 दिनों मुहिम के अंतर्गत मामलें का पता लगाने और इलाज सम्बन्धित सख्त निगरानी करने के लिए कहा। अपने डाक्टरी कॅरियर का एक किस्सा सांझा करते हुए उन्होंने बताया कि एक बार उनका तबादला सीएचसी कौली से जिला पटियाला में हुआ परन्तु गांव के लोग उस समय के सेहत मंत्री और मुख्य मंत्री के पास गए ताकि गांव से मेरी ट्रांसफर रोकी जा सके। उन्होंने डाक्टरों को भाईचारो में ऐसे ही जोश के साथ सेवाएं निभाने के लिए उत्साहित किया। डा. बलबीर सिंह ने नैतिकता, खुश मिजाज और हमदर्दी के साथ सेवा करने के लिए प्रेरित करते भाईचारे के साथ सांझ बनाने पर जोर दिया क्योंकि कई बार साधारण चीजें भी बड़ा प्रभाव डाल सकती है।

## 50 हजार रिश्वत की मांग करने वाला सरपंच को विजीलैंस ने किया काबू

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़।** मुख्य मंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा अपनाई गई जीरो टालरैंस नीति के अंतर्गत पंजाब विजीलैंस ब्यूरो ने गांव देवीनगर ( अभरावन) जिला एस.ए.एस. नगर के सरपंच गुरचरन सिंह को 50000 रुपए रिश्वत की मांग करने के दोष में गिरफ्तार किया है। आज यहां यह जानकारी देते राज्य विजीलैंस ब्यूरो के वक्ता ने बताया कि यह गिरफ्तारी मुख्य मंत्री के भ्रष्टाचार विरोधी एक्शन लाईन पोर्टल पर दर्ज शिकायत के बाद अमल में लाई गई है। शिकायत की पड़ताल दौरान यह बात सामने आई कि जिला एसएएस नगर के गांव देवीनगर (अभरावन) के सरपंच गुरचरन सिंह ने शिकायतकर्ता का ट्रैक्टर, जो पुलिस के पास जब्त था, को थाना बनूड़ से छुडवाने के बदले 100000 रुपए रिश्वत मांगी थी।

शिकायतकर्ता के बार-बार विनती करने पर दोषी सरपंच के साथ सौदा 50000 रुपए में तय हुआ। शिकायतकर्ता ने रिश्वत सम्बन्धित पूरी बातचीत रिकार्ड कर ली थी। इस सम्बन्धित दोषी विरुद्ध भ्रष्टाचार रोकू कानून के अंतर्गत विजीलैंस ब्यूरो पुलिस स्टेशन एसएएस नगर रेंज में मामला दर्ज किया गया है। वक्ता ने आगे कहा कि इस मामले की आगे वाली जांच जारी है।

## गोलीबारी की घटनाओं में शामिल दो बी.के.आई. कारकुन जालंधर से गिरफ्तार

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़/जालंधर।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के दिशा-निर्देशों अनुसार पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने के लिए चलाई जा रही मुहिम के दौरान बड़ी सफलता हासिल करते हुए, काउंटर इंटेलीजैंस (सीआई) जालंधर ने जबरन वसूली से संबंधित गोलीबारी की घटनाओं में शामिल बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) द्वारा समर्थित एक मॉड्यूल के दो मुख्य कारकुनों को एक .32 बोर पिस्तौल, मैगजीन और आठ कारतूसों सहित गिरफ्तार करके इस मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है। यह जानकारी आज यहां डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने दी।

गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान सुखविंदर सिंह उर्फ सन्नी और रावल दोनों निवासी गांव कुलम, एसबीएस नगर के तौर पर हुई है। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि शुरूआती जांच से पता लगा है कि गिरफ्तार किए गए आरोपी अपने विदेशी हैंडलरों - गोपी नवांशहरीया, जस्सी कुलम और सुशांत चोपड़ा - जो बीकेआई से जुड़े हुए है, के निर्देशों पर काम कर रहे थे। उन्होंने बताया कि जांच के अनुसार, आरोपियों ने जबरन वसूली के लिए गढ़शंकर क्षेत्र में एक ट्रैवल एजेंट के घर पर दो बार गोलीबारी की थी। इस ऑपरेशन के बारे में जानकारी देते हुए, उन्होंने बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए सीआई जालंधर की टीमों ने जालंधर-अमृतसर हाईवे से जालंधर के सूरानस्सी में लिधड़ां अंडरब्रिज के नजदीक बीकेआई से जुड़े दोनों आरोपियों को हथियार सहित गिरफ्तार कर लिया। डीजीपी ने बताया कि इस मॉड्यूल के आगे-पिछले संबंधों का पता लगाने और इसके अन्य सदस्यों की पहचान करने के लिए जांच जारी है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां एवं बरामदगी होने की संभावना है।

## सुरक्षा गार्ड ने कथित तौर पर की आत्महत्या, अवैध हथियार बरामद

**फगवाड़ा, 24 फरवरी।** पंजाब में कपूरथला की ग्रोवर एनक्लेव कॉलोनी में सोमवार देर रात 28 वर्षीय सुरक्षा गार्ड ने अपने आवास पर कथित तौर पर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली।

पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। घटना का पता तब चला, जब स्थानीय अधिकारियों को सूचित किया गया, जिसके बाद सिटी पुलिस स्टेशन की एक टीम मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लिया। मृतक की पहचान सचिन (पुत्र गुरमीत सिंह) के रूप में हुई है, जो वर्तमान में न्यू कोर्ट कॉम्प्लेक्स के पास ग्रोवर एनक्लेव में रह रहा था और मूल रूप से गांव बड्डुवाल का निवासी था।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, वह कपूरथला की एक रबर फैक्ट्री में सुरक्षा गार्ड के रूप में कार्यरत था।

मामले की पुष्टि करते हुए पुलिस उपाधीक्षक दलजीत सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच से संकेत मिलता है कि पीड़ित ने अपने माथे पर गोली मारने के लिए अवैध .315 बोर के पिस्तौल का इस्तेमाल किया।

शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल के मुर्दाघर में भेज दिया गया है। पुलिस ने घटनास्थल से मृतक के मोबाइल फोन के साथ हथियार भी बरामद कर लिया है।

## मेरी रसोई' योजना खाद्य एवं पोषण सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में अनुकरणीय कदम: विजय दत्त

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़।** पंजाब सरकार द्वारा घोषित 'मेरी रसोई' योजना के अंतर्गत 40 लाख परिवारों को निःशुल्क राशन किट प्रदान करने के निर्णय का स्वागत करते हुए पंजाब राज्य खाद्य आयोग के सदस्य विजय दत्त ने कहा कि यह पहल राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम की भावना के अनुरूप खाद्य एवं पोषण सुरक्षा को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं अनुकरणीय कदम है।


उन्होंने कहा कि आयोग का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि पात्र लाभार्थियों को उनका खाद्य अधिकार



समय पर और उचित गुणवत्ता के साथ प्राप्त हो। इस संदर्भ में 'मेरी रसोई' योजना के तहत तिमाही आधार पर दी जाने वाली राशन किटें राज्य में पोषण स्तर को बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध होंगी। उन्होनें जानकारी दी कि योजना के अनुसार प्रत्येक पात्र परिवार को दो किलोग्राम दाल, दो किलोग्राम चीनी, एक किलोग्राम नमक, 200 ग्राम हल्दी पाउडर तथा एक लीटर सरसों का तेल प्रदान किया जाएगा। ये किटें राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत वितरित की जा रही गेहूं से अलग होंगी। उन्होंने कहा कि आयोग इस योजना के क्रियान्वयन की प्रक्रिया पर निगरानी रखेगा ताकि वितरण प्रणाली पारदर्शी, प्रभावी और जवाबदेह बनी रहे। खाद्य सामग्री की गुणवत्ता, भंडारण एवं वितरण के दौरान निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाना अत्यंत आवश्यक है।

## गैंगस्टर व चिट्टा फैलाने वाले बादल आतंकवादी घोषित करने का नाटक कर रहे : पन्नू

- नशे के खिलाफ 'असली जंग' लड़ रही है भगवंत मान सरकार, 2007 से 2017 का काला दौर नहीं भूले पंजाबी



पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी पंजाब के मीडिया इंचार्ज बलतेज पन्नू ने शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल द्वारा गैंगस्टरों और नशा तस्करों को आतंकवादी घोषित करने के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि जिन्होंने खुद पंजाब में गैंगस्टरवाद और चिट्टे का जहर फैलाया, वही अब सफाई अभियान की बातें कर रहे हैं, जो किसी भी तरह स्वीकार नहीं है।

पन्नू ने कहा कि सुखबीर सिंह बादल यह घोषणा कर रहे हैं कि अगर उनकी सरकार बनी तो पहली कैबिनेट बैठक में ही गैंगस्टरों और चिट्टे के कारोबारियों के खिलाफ सख्त कानून लाया जाएगा और उन्हें आतंकवादी घोषित किया जाएगा। इस पर पलटवार करते हुए पन्नू ने कहा कि पहले यह बताया जाए कि पंजाब में गैंगस्टर कौन लेकर आया और चिट्टा किसने फैलाया।उन्होंने याद दिलाया कि वर्ष 2007 में अकाली-भाजपा सरकार बनने से पहले पंजाब में न तो गैंगस्टरों की चर्चा होती थी और न ही चिट्टे का नाम सुना जाता था। पन्नू ने सवाल उठाया कि बादल सरकार के समय जिन चिट्टा तस्करों के संबंध गैंगस्टरों से जुड़े रहे, क्या सुखबीर बादल उन्हें भी आतंकवादी घोषित करने की हिम्मत दिखाएंगे। पन्नू ने तीखा व्यंग्य करते हुए कहा कि सुखबीर बादल का यह बयान वैसा ही है जैसे तालिबान मोमबत्तियां लेकर शांति मार्च निकालने की बात करे। उन्होंने आरोप लगाया कि 2007 से 2017 तक के दस वर्षों में बादल सरकार ने पंजाब को नशे की दलदल में धकेल दिया और गैंगस्टरवाद को बढ़ावा दिया।

### मान सरकार का बुजुर्गों के लिए बड़ा कदम

# सेहत से सुरक्षा तक पूरी देखभाल: डा. बलजीत कौर

- 16,000 से अधिक बुजुर्ग सरकारी सुविधाओं के साथ जोड़े गए

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़।** मुख्य मंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार राज्य के बुजुर्ग नागरिकों को समाज की अनमोल धरोहर मानते उनकी सुरक्षा, सेहत और सामाजिक भलाई को यकीनी बनाने के लिए लगातार ठोस कदम उठा रही है। इस दिशा में सूबा स्तरीय मुहिम 'साढ़े बुजुर्ग साढां मान के अंतर्गत लगाए गए सेहत चैकअप कैंपों दौरान 16, 000 से अधिक बुजुर्ग नागरिकों को रजिस्टर्ड करके उनको सरकारी भलाई सहूलतों के साथ जोड़ा गया है।

इस सम्बन्धित ओर जानकारी देते सामाजिक सुरक्षा, स्त्री और बाल विकास मंत्री डा. बलजीत कौर ने बताया कि सीनियर सिटिजन एक्शन प्लान अधीन वित्तीय साल 2025- 26 दौरान बुजुर्गों के लिए लगाए जाने वाले सेहत चैकअप कैंपों और अन्य सम्बन्धित गतिविधियों के लिए 7.86



करोड़ का बजट उपबंध किया गया है।

उन्होंने बताया कि इन कैंपों दौरान 4543 बुजुर्गों का जनरल हैल्थ चैकअप, 2071 का आरथोपैडिक जांच, 3705 की आंखों की जांच, 1129 ने योगा सैशन में भाग, 1489 ने होम्योपैथिक इलाज और 2054 ने आयुर्वेदिक सेवाओं, सहायक उपकरण और अन्य सुविधाओं का लाभ लिया। उन्होंने ओर बताया कि अलीमको योजना के अंतर्गत 243 बुजुर्ग नागरिक रजिस्टर्ड हुए, जिनमें से 89 को वील्हचेयर, ऐनक और श्रवण यंत्र प्रदान किए गए। इसके इलावा 355 बुजुर्गों के बुढापा पैन्शन फार्म तैयार किए गए और 393 को सीनियर सिटिजन कार्ड जारी किए गए।

कैबिनेट मंत्री ने बताया कि पंजाब के अधिकतर जिलों में सेहत चैकअप कैंप लगाए जा चुके है, जिन में अमृतसर, लुधियाना, जालंधर, पटियाला समेत कई जिले शामिल हैं, जबकि फरीदकोट और संगरूर में जल्द यह कैंप लगाए जाएंगे। इस मुहिम को उचित ढंग के साथ लागू करने के लिए राज्य एक्शन प्लान अधीन इस बजट अलाटमैंट के अंतर्गत जिला स्तरीय सेहत चैकअप कैंपों और सम्बन्धित गतिविधियों करवाई गई। इन कैंपों में बुजुर्ग नागरिकों को मोतियाबिन्द सर्जरी, मुफ्त सहायक उपकरणों की बांट, बुढापा पैन्शन सुविधा, सीनियर सिटिजन कार्ड जारी करने के साथ- के साथ योग कैंपों, कानूनी जागरूकता प्रोगरामों और अन्य जागरूकता गतिविधियों की सुविधा एक ही छत नीचे मुहैया करवाई गई।

## गैंगस्टरां ते वार का 35वां दिन: पुलिस ने 587 स्थानों पर की छापेमारी; 183 पकड़े

- पुलिस टीमों द्वारा 150 व्यक्तियों विरुद्ध एहतियाती कार्यवाही, 133 को पूछताछ के बाद किया रिहा

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़।** मुख्य मंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों में शुरू किए निर्णायक अभियान ' गैंगस्टरां ते वार' के 35वें दिन पंजाब पुलिस ने राज्य भर में गैंगस्टरों के साथियों के पहचाने गए और मेप किए 587 टिकानों पर छापेमारी की।

जिक्रयोग्य है कि ' गैंगस्टरां ते वार ' - पंजाब को गैंगस्टर मुक्त राज्य बनाने के लिए एक निर्णायक युद्ध , जो पुलिस डायरैक्टर जनरल ( डीजीपी) पंजाब गौरव यादव की तरफ से 20 जनवरी, 2026 को शुरू की गई थी। एंटी- गैंगस्टर टास्क फोर्स ( एजीटीएफ) पंजाब के तालमेल के साथ सभी जिलों की पुलिस टीमों से तरफ से राज्य भर में विशेष कार्यवाहियां की जा रही हैं।

35वें दिन पुलिस टीमों ने 183 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया और उनके कब्ज़े में से तीन हथियार बरामद किए, जिससे अभियान की शुरुआत से अब तक कुल गिरफ्तारियों की संख्या 11, 265 हो गई है। इसके इलावा 150 व्यक्तियों विरुद्ध एहतियाती कार्यवाही की गई है, जब कि 133 व्यक्तियों को जांच और पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया। पुलिस टीमों ने कार्यवाही दौरान सात भगौड़े अपराधियों को भी गिर?तार किया है। उन्होंने कहा कि लोग एंटी गैंगस्टर हेल्पलाइन नंबर 93946-93946 के द्वारा गुप्त तौर पर वाछिंत अपराधियों और गैंगस्टरों बारे रिपोर्ट कर सकते है और अपराध और अपराधिक गतिविधियों बारे सूह/ जानकारी सांझा की जा सकती है। इस दौरान पुलिस टीमों ने नशे विरुद्ध अपने अभियान ' युद्ध नशियां विरुद्ध' को 360वें दिन भी जारी रखते 83 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया और उनके कब? में से 431 ग्राम हेरोइन, 12 किलो भुक्की, 323 नशीली गोलियां/ कैप्सूल और 4860 रुपए की ड्रग मनी बरामद की गई। इससे केवल 360 दिनों में गिर?तार किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या 51086 हो गई है।

# हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस का विधानसभा घेराव, सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

## हाईकोर्ट चौक से विधानसभा तक निकाले गए रोष प्रदर्शन में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह भी रहे मौजूद

पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता




**चंडीगढ़।** कांग्रेस विधायक आज बीजेपी सरकार के खिलाफ मोर्चा निकालते हुए विधानसभा पहुंचे। सभी विधायकों ने नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में विधानसभा का घेराव किया। हाईकोर्ट चौक से विधानसभा तक निकाले गए इस रोष प्रदर्शन में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह भी मौजूद रहे। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस विधायकों ने एक हाथ में विभिन्न समस्याओं पर लिखी तख्तियां और दूसरे हाथ में झुनझुना लेकर नारेबाजी की। इस प्रतीकात्मक विरोध के माध्यम से कांग्रेस ने स्पष्ट संदेश दिया कि हरियाणा की जनता तमाम गंभीर समस्याओं से जूझ रही है, जबकि बीजेपी सरकार केवल झूठे वादों और खोखले दावों का झुंझना बजाने में व्यस्त है। कांग्रेस विधायकों ने सरकार से इन सभी मुद्दों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की और चेतावनी दी कि यदि जनता की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन और तेज होगा। हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस एक जिम्मेदार विपक्ष के नाते जनता के मुद्दों को सड़क से लेकर सदन तक हर मंच पर उठाएगी। बीजेपी जितना अपनी जिम्मेदारी से भागेगी, कांग्रेस उतने पुरजोर तरीके से जनता की पैरवी करेगी। आखिकार सरकार को जवाबदेह बनना ही पड़ेगा।

पत्रकारों से बातचीत में भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि बीजेपी सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। कानून व्यवस्था से लेकर अर्थव्यवस्था तक, रोजगार से लेकर महंगाई तक, कृषि से लेकर शिक्षा तक, स्वास्थ्य से लेकर स्वच्छता तक, बीजेपी ने सभी क्षेत्रों में अपनी नाकामी और नकारेपन का परिचय दिया है।

ये सरकार ना किसानों को एमएसपी व मुआवजा दे पा रही है और ना ही युवाओं को रोजगार दे रही है। ना विद्यार्थियों को गुणवत्तापरक शिक्षा दे पा रही है और ना ही जनता को सुरक्षा दे रही है। जिस तरह प्रदेश में वारदातें और घोटाले हो रहे हैं, ऐसा लगता है कि यहां सरकार नाम की कोई चीज ही नहीं है। प्रदेश को घोटालेबाज और गैंगस्टर्स के हवाले छोड़ दिया गया है।

नेता प्रतिपक्ष ने बुजुर्गों की पेंशन काटने पर बोला कि अब सरकार 70 हजार पेंशन रिस्टोर करने का दाव कर रही है। जबकि पहले सरकार कह रही थी कि उसने किसी की पेंशन काटी ही नहीं। अगर काटी नहीं तो रिस्टोर क्यों की जा रही है? पेंशन के साथ साथ, चुनाव से पहले बनाए राशन कार्ड अब काटे जा रहे हैं, जो कि अपने आप में वोट चोरी है। हरियाणा में चुनाव के बाद करीब 14 लाख राशन कार्ड काटे गए हैं। अकेले अंबाला में 54 हजार राशन कार्ड काटे हैं।

हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने बुढ़ापा पेंशन को 200 रुपये से बढ़ाकर 1,500 रुपये किया था, यानी साढ़े 7 गुना की बढ़ोतरी की थी। वहीं भाजपा सरकार ने 11 साल में इसमें सिर्फ 2 गुना ही बढ़ोतरी की है। जबकि महंगाई तीन-चार गुना बढ़ चुकी है।

उन्होंने आगे कहा कि इस सरकार में किसानों के साथ लगातार अन्याय हो रहा है। अब खाद के कट्टे का वजन भी 50 से घटाकर 40 किलो किया गया है, जबकि रेट पहले जितना ही है। एमएसपी 24 फसलों पर देने का दावा भी झूठा है, हरियाणा में इतनी फसलें नहीं होतीं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से 2000 करोड़ से ज्यादा मुनाफा कमाया गया, लेकिन क्लेम नहीं मिलते, लोग बीमा छोड़ रहे हैं। अभी 10त्न तक मुआवजा नहीं दिया गया।

मनरेगा पर हुड्डा ने कहा कि मनरेगा कांग्रेस की क्रांतिकारी योजना थी। कांग्रेस सरकार के दौरान देश में सबसे ज्यादा मजदूरी हरियाणा में मजदूरों को दी जाती थी। लेकिन बीजेपी ने सत्ता में आते ही मजदूरों के अधिकारों पर कुठाराघात किया। बीजेपी सत्ता में आते मनरेगा को कमजोर करने में जुट गई थी। कांग्रेस द्वारा संसद में पूछे गए सवाल के जवाब से पता चला कि हरियाणा में 8 लाख से अधिक मनरेगा मज़दूर पंजीकृत थे। लेकिन 2024-25 में सरकार ने सिर्फ 2100 परिवारों को ही 100 दिन का काम दिया। सरकार ने मजदूरों को ना को काम दिया और ना ही स्कीम में प्रावधान के तहत मुआवजा दिया।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि लाडो लक्ष्मी योजना के नाम पर महिलाओं के साथ इस सरकार ने धोखा किया है। उन्होंने कहा कि चुनाव में सभी महिलाओं को 2100 रुपये मासिक देने का वादा किया गया था, लेकिन अब केवल चंद महिलाओं को ही यह राशि दी जा रही है। जबकि 2024-25 में हरियाणा में 2.13 करोड़ लोग बीपीएल श्रेणी में थे, यानी इस योजना का लाभ लगभग 85 लाख महिलाओं को मिलना चाहिए था। लेकिन वर्तमान में सरकार केवल 8 लाख महिलाओं को ही राशि देने की बात कर रही है। महिलाओं को केवल 1100 रुपये मिलेंगे और 1000 रुपये जमा किए जाएंगे। इस पर भी आय की सीमा, बच्चों की शिक्षा तथा कुपोषण जैसी शर्तें थोप दी गई हैं। सरकार जानबूझकर ऐसी शर्तें लगा रही है, जिससे ज्यादातर महिलाएं स्वत: लाभार्थी सूची से बाहर हो जाएं। बाहरियों को नौकरी देने बारे पूछे गए सवाल के जवाब में हुड्डा ने कहा कि बीजेपी हरियाणवी युवाओं के भविष्य पर कुठाराघात कर रही है। देश में कोई भी ऐसा प्रदेश नहीं है, जो अपनी नौकरियों में स्थानीय युवाओं की बजाए, बाहरी लोगों को तरजीह देता हो। हरियाणा में तो आलम ये है कि बीजेपी सरकार 80 में से 78 पद अन्य राज्य के लोगों को दे देती है। यह नाकाबिले बर्दाश्त है। कांग्रेस इस मुद्दे को विधानसभा में उठाएगी और सरकार से जवाब मांगेगी।

हुड्डा ने उदाहरण देते हुए कहा कि वर्षों के इंतजार के बाद एचपीएससी पीजीटी कंप्यूटर साइंस की 1711 पदों की भर्ती का रिजल्ट आया, लेकिन सिर्फ 39 उम्मीदवार ही पास हुए, जबकि बाकी 1672 पद खाली रह जाएंगे। इससे पहले भी अनेक भर्तियों में पदों को खाली रखा गया है। एचपीएससी दरअसल, हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन की बजाय गैर-हरियाणवी पब्लिक सर्विस कमीशन बन गया है, क्योंकि ज्यादातर चयन बाहर के युवाओं का हो रहा है। हरियाणा के युवा यूपीएससी एवं अन्य बड़षाओं में इन्हें अयोग्य ठहरा रहा है। सवाल है कि क्या हरियाणा के युवा इतने अक्षम हैं कि वे भर्ती पेपर में पास होने जितने अंक भी नहीं ले पाए? हरियाणा के युवा आईएएस, आईपीएस बन रहे हैं। देश के सर्वोच्च न्यायालय के चीफ जस्टिस हरियाणा से हैं। सब जगह हम अपने प्रदेश के गौरव में झंडे गाड़ रहे हैं, तो ऐसा क्यों है कि एचपीएससी की नजरों में वे फेल हैं? हमारे हरियाणा के बच्चे जो कि नेट, जेआरएफ टॉपर हैं, जो यूनिवर्सिटी गोल्ड मेडलिस्ट हैं और कई सालों से उच्च पदों पर नौकरियां कर रहे हैं, वे एचपीएससी के असिस्टेंट प्रोफेसर के एग्जाम में 35 प्रतिशत अंक तक नहीं ला पा रहे हैं। हुड्डा ने बीजेपी सरकार द्वारा पहले भी कई भर्तियों में ऐसा खेल करने का जिक्र किया। पिछले दिनों अंग्रेजी असिस्टेंट प्रोफेसर की भर्ती में कुल 613 पोस्ट थीं, लेकिन इंटरव्यू के लिए सिर्फ 151 लोगों को बुलाया गया। यानी जनरल, एससी, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस सभी की भर्तियों को ये सरकार खा गई। इससे पहले भी विभिन्न भर्तियों में बड़े पैमाने पर पद खाली रखे गए हैं, जैसे एचसीएस श्व× बीआर की भर्ती में कुल 100 पदों में से केवल 61 भरे गए और 39 खाली रह गए। इसी तरह एडीओ एग्रीकल्चर की 600 पदों की भर्ती में सिर्फ 50 पद भरे गए, जबकि 550 पद खाली रह गए। पीजीटी म्यूजिक की 80 पदों की भर्ती में केवल 25 पद भरे गए और 55 खाली रह गए।

पीजीटी पोलिटिकल साइंस की 287 पदों में से 192 भरे गए और 95 खाली रह गए। लेक्चरर इलेक्ट्रिकल की 61 पदों में से 40 भरे गए और 21 खाली रह गए। लेक्चरर कंप्यूटर इंजीनियरिंग की 44 पदों में से 34 भरे गए और 10 खाली रह गए। लेक्चरर इंस्ट्रूमेंट की 17 पदों में से 8 भरे गए और 9 खाली रह गए। पीजीटी फिजिकल एजुकेशन एवं फाइन आर्ट्स की 1325 पदों की भर्ती में केवल 642 पद भरे गए, जबकि 683 पद खाली रह गए।

हुड्डा ने मांग करी कि एचपीएससी चेयरमैन को तुरंत बर्खास्त कर किसी हरियाणवी को चेयरमैन नियुक्त किया जाए। साथ ही, एचपीएससी को भंग करके तमाम भर्ती घोटालों की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई की जाए।

## एक नजर

### राज्य में जल्द ही नए 450 डॉक्टरों की भर्ती की जाएगी : आरती सिंह राव



**चंडीगढ़।** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि जल्द ही प्रदेश में नए 450 डॉक्टरों की भर्ती की जाएगी, भविष्य में प्रदेश में डॉक्टरों की कमी नहीं रहने दी जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री आज हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान सदन के एक सदस्य द्वारा डॉक्टरों की कमी से संबंधित उठाए गए मुद्दे पर जवाब दे रही थी। आरती सिंह राव ने कहा कि वर्तमान सरकार ने मात्र एक वर्ष में 1400 से ज्यादा डॉक्टरों की भर्ती की है जबकि वर्ष 2014 से पहले शायद एक साल में इतने ज्यादा डॉक्टर कभी भी नहीं लगाए गए। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रदेश में जहां -जहां आवश्यकता होगी, वहां -वहां डॉक्टरों की नियुक्ति की जाएगी। वर्तमान सरकार के कार्यकाल में एनएचएम के माध्यम से 150 स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की भर्ती की गई है और पीजी डिग्री करके आये नए 150 डॉक्टरों की भर्ती भी जल्द ही की जाएगी। उन्होंने बताया कि आगामी समय में भी डॉक्टर एवं स्पेशलिस्ट की भर्ती की जाती रहेगी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने देश के लोगों को योग के प्रति प्रोत्साहित किया है। हरियाणा में भी राज्य सरकार योग को महत्व देकर प्रत्येक गांव में योग सहायक की नियुक्ति कर रही है ताकि प्रदेश की जनता स्वस्थ रह सके।

### विस अध्यक्ष अध्यक्ष कल्याण ने सदस्यों से की व्यवस्था बनाए रखने की अपील

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने मंगलवार को बजट सत्र के दौरान विधायकों से सदन और विधान परिसर के आसपास अनुशासन बनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि होने नाते विधायकों के अधिकार भी हैं और विशेषाधिकार भी, लेकिन उन्हें अपनी सीमाओं का भी पालन करना चाहिए। विस अध्यक्ष ने यह ऑब्जर्वेशन मंगलवार सुबह विपक्षी विधायकों की ओर से विधान परिसर में किए गए रोष प्रदर्शन से पैदा हुई परिस्थिति से असंतुष्ट होकर दी है। बता दें कि विपक्षी दल के विधायकों ने मंगलवार सुबह विधान परिसर में अध्यक्ष के गेट पर सरकार के खिलाफ रोष किया था। इस प्रदर्शन के चलते विधान सभा परिसर में व्यवस्था कायम करने में क ?ी मशक्कत का सामना करना। मुख्यमंत्री और कई मंत्रियों को असुविधा हुई और उन्हें निर्धारित गेट की बजाय की दूसरे रास्ते से आना प ?ा। भाजपा विधायक घनश्याम दास अरो ?ा ने इस विषय को सदन में उठाया, जिस पर विस अध्यक्ष ने अपनी ऑब्जर्वेशन दी। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में सभी को अपनी बात रखने का अधिकार है। पक्ष और विपक्ष की अपनी-अपनी भूमिका है। वेल में आकर प्रदर्शन करना संसदीय प्रथाओं के खिलाफ है। इसमें भी अनेक विधायकों का हावभाव (बॉडी लैंग्वेज) अपेक्षा के अनुरूप नहीं था। इसलिए उन्होंने सभी सदस्यों से सम्यक व्यवहार की अपील की। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि विधान सभा अध्यक्ष को शक्तियां प्राप्त हैं तो उन्हें कुछ जिम्मेदारी भी सौंपी गई है।

### अनिल विज से जाट आरक्षण संघ समिति के पदाधिकारियों ने की मुलाकात

**चंडीगढ़।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज से आज अखिल भारतीय जाट आरक्षण संघ समिति के राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने अंबाला में उनके आवास पर पहुंच उनका हालचाल जाना तथा उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। गौरतलब है कि श्री विज के दोनों पांव की एड़ी में हेयरलाइन फ्रेक्चर की वजह से चिकित्सकों ने उन्हें पूर्ण आराम करने की सलाह दी है। जाट आरक्षण संघ समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रताप सिंह दहिया की अध्यक्षता में समिति के पदाधिकारियों ने मंत्री अनिल विज को पुष्पगुच्छ भेंट किए और ईश्वर से प्रार्थना की कि वे जल्द से जल्द पूरी तरह स्वस्थ होकर दोबारा जनसेवा के कार्यों में पूर्ण रूप से सक्रिय हों। प्रताप दहिया ने कहा कि मंत्री अनिल विज जल्द ही पूरी तरह स्वस्थ होकर अपने सार्वजनिक कार्यों में लौटेंगे और ईश्वर से वह सभी यही प्रार्थना करते हैं।

# विपक्ष बुज़ुर्गों की पेंशन काटने की अफवाहें फैलाकर पाप कर रहा है : नायब सैनी

पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता



**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि बुजुर्ग हमारे सम्मानीय हैं और उनकी सुरक्षा और सम्मान करना हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री हरियाणा विधान सभा के बजट सत्र के दौरान पेंशन काटने के संबंध में एक सवाल के संबंध में बोल रहे थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संकल्प पत्र में यह स्पष्ट किया है कि 70 वर्ष से ऊपर के बुजुर्ग यदि किसी बीमारी से पीड़ित होते हैं, तो उनके परिवार को ईलाज की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। उनके ईलाज की प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा सरकार ने व्यवस्था करते हुए 5 लाख रुपये तक राशि सुनिश्चित कर रखी है। उन्होंने पेंशन को लेकर विपक्ष पर प्रहार करते हुए कहा पेंशन बंद किए जाने को लेकर विपक्ष अफवाहें फैला रहा है। यह अफवाहें फैलाकर पाप कर रहे है कि बुजुर्गों की पेंशन काट दी गई है। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों के बीच ऐसा भ्रम फैलाना पूरी तरह गलत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने पेंशन काटी नहीं है, बल्कि उसमें बढ़ोतरी कर उनके सम्मान को बढ़ाने का काम किया है। प्रदेश में आज बुजुर्गों को उनके मोबाइल पर एसएमएस के माध्यम से सूचना मिलती है कि उनकी पेंशन बैंक खाते में जमा हो गई है। वे आसानी से बैंक से राशि निकाल सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने कांग्रेस सरकार के समय की तुलना करते हुए कहा कि पहले बुजुर्गों को कई महीनों तक पेंशन नहीं मिलती थी। उन्हें कार्यालयों के चक्कर काटने पड़ते थे। गर्मी और दूरी में परेशानियां होती थीं, और उनकी कोई सुध लेने वाला नहीं था।

उन्होंने कहा कि पेंशन के संबंध में यदि कोई शिकायत आती है तो उसे सत्यापित करना सरकार की जिम्मेदारी है। सत्यापन की प्रक्रिया के दौरान पेंशन को होल्ड कर दिया जाता है, लेकिन सत्यापन पूरा होते ही राशि जारी कर दी जाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार ने बुजुर्गों के लिए पारदर्शी, सम्मानजनक और सुविधाजनक व्यवस्था बनाई है।

# स्वच्छता सर्वे में फिसड्डी शहर, सरकार के दावों की खुली पोल : सैलजा

**सिरसा।** हरियाणा में हाल ही में सामने आई स्वच्छता सर्वेक्षण रिपोर्ट ने राज्य सरकार के दावों की वास्तविक स्थिति उजागर कर दी है। गुरुग्राम और फरीदाबाद जैसे शहर, जो प्रदेश के राजस्व में 70 प्रतिशत से अधिक योगदान देते हैं, स्वच्छता के मामले में सबसे कमजोर प्रदर्शन करने वालों में शामिल पाए गए हैं। 10 में से मात्र 4.5 अंक मिलना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि शहरी विकास और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को अपेक्षित प्राथमिकता नहीं दी गई। यह बात सिरसा की सांसद, कांग्रेस की महासचिव व पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने आज मीडिया को जारी एक बयान में कही। सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि रिपोर्ट में यह तथ्य भी सामने आया है कि कई नगर निकायों में 50 प्रतिशत से अधिक पद रिक्त पड़े हैं। जब निरीक्षण, मॉनिटरिंग और कचरा प्रबंधन से जुड़े महत्वपूर्ण पद खाली हो, तो व्यवस्थाओं का प्रभावित होना स्वाभाविक है। यह स्थिति प्रशासनिक कमजोरी को दर्शाती है, जिसे समय रहते सुधारना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि डबवाली और सिरसा सहित प्रदेश के कई शहरों की स्थिति चिंताजनक बताई गई है। करोड़ों रुपये सफाई व्यवस्था पर खर्च होने के बावजूद बाजारों, गलियों और कॉलोनियों में कचरे के ढेर दिखाई दे रहे हैं। नगर परिषदों द्वारा निजी कंपनियों को ठेके दिए जाने के बावजूद डोर-टू-डोर कलेक्शन, कचरा पृथक्करण और वैज्ञानिक निस्तारण की व्यवस्था प्रभावी रूप से लागू नहीं हो पा रही है। भारतीय जनता पार्टी द्वारा स्मार्ट सिटी और स्वच्छता को लेकर किए गए बड़े दावों के बीच सरकार की अपनी सर्वे रिपोर्ट ही जमीनी हकीकत सामने ला रही है।

# मेगा शिविर में ग्रामीणों को मिले कानूनी अधिकार और सरकारी योजनाओं का लाभ : डीआर चालिया

## शिविर में 23 विभागों ने दिया 300 से अधिक लोगों को सीधा लाभ

**भिवानी.** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) भिवानी गांव रोहनात स्थित वीर शहीद लज्जो राम राजकीय हाई स्कूल में मेगा विधिक सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ जिला एवं सत्र न्यायाधीश डीआर चालिया ने रिबन काट कर किया।

उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधरोपण भी किया। सीजेएम-सह-सचिव डीएलएसए पवन कुमार भी मौजूद रहे। जिला एवं सत्र न्यायाधीश डीआर चालिया ने कहा कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक न्याय, सरकारी योजनाओं और मुफ्त कानूनी सहायता की जानकारी पहुंचाना रहा, ताकि जरूरतमंद लोग अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होकर योजनाओं का अधिकतम लाभ उठा सकें।

उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का उद्देश्य समाज के कमजोर, वंचित और जरूरतमंद वर्ग तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविरों के माध्यम से लोगों को न केवल सरकारी योजनाओं की जानकारी मिलती है, बल्कि उन्हें मुफ्त कानूनी सहायता भी उपलब्ध करवाई जाती है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक रहें और जरूरत पडने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सेवाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि न्याय सभी नागरिकों का अधिकार है और डीएलएसए इस दिशा में निरंतर प्रयासरत है। सीजेएम एवं सचिव डीएलएसए पवन कुमार ने बताया कि इस शिविर की सफलता का सबसे बड़ा प्रमाण लाभार्थियों के चेहरों पर दिखाई देने वाली संतुष्टि है। शिविर के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया और उन्हें मुफ्त कानूनी सहायता के बारे में जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर ऐसे शिविरों का आयोजन किया जाता है, ताकि आमजन को न्याय और सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से उपलब्ध हो सके। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएं और जानकारी मिलना उनके लिए अत्यंत लाभकारी साबित हुआ। शिविर में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, श्रम विभाग, शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग, डाक विभाग, क्रीड सहित अन्य विभागों ने अपने-अपने स्टॉल लगाकर लोगों को वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, स्वास्थ्य सेवाएं, श्रमिक कल्याण योजनाएं, महिला सुरक्षा, बच्चों के अधिकार, डाक बैंकिंग सेवाएं तथा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। पात्र लाभार्थियों के मौके पर ही आवेदन भरवा कर उन्हें योजनाओं से जोड़ा गया। ग्रामीणों ने विभिन्न विभागों के स्टॉल पर पहुंचकर समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं।

# 'हरियाणा के हालात बिगड़े, सीएम पहले प्रदेश संभालें'



**चंडीगढ़।** हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि भाजपा सरकार में प्रदेश के हालात खराब होते जा रहे है और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हर दूसरे-तीसरे दिन पंजाब के दौरे में व्यस्त रहते हैं। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि अगर सीएम पंजाब जितना ध्यान हरियाणा पर दे तो यहां की जनता का भला होगा इसलिए पंजाब से पहले नायब सैनी को हरियाणा के बिगड़ते हालात संभालने चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश में 590 करोड़ रुपए का एक नया आईडीएफसी फर्स्ट बैंक घोटाला सामने आया है, जिसकी न्यायिक जांच की मांग को लेकर जेजेपी जल्द राज्यपाल से मुलाकात करेगी। वे सोमवार को दादरी जिले में जेजपी द्वारा आयोजित युवा योद्धा सम्मेलन के दौरान पत्रकारों से रूबरू थे। दुष्यंत चौटाला ने भाजपा सरकार में प्रदेश पर बढ़ते कर्ज पर भी चिंता जाहिर की और कहा कि आने वाले बजट के बाद हरियाणा का कर्जा पहले के मुकाबले दोगुना होता हुआ दिखेगा। इससे पहले कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दुष्यंत चौटाला आह्वान किया कि 13 मार्च को हांसी जिले में जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला के जन्मदिन पर होने वाले प्रदेश स्तरीय सर्व हरियाणा जन चेतना दिवस कार्यक्रम में प्रदेशभर से ऐतिहासिक संख्या में लोग पहुँचेंगे और एकजुट होकर जनविरोधी भाजपा सरकार के खिलाफ अपना रोष प्रकट करेंगे। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि बीजेपी सरकार कभी बुढ़ापा पेंशन तो कभी गरीब परिवारों के बीपीएल कार्ड काटकर परिवार पहचान पत्र की आड़ में लगातार आमजन को परेशान कर रही है। वहीं जेजेपी युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा कि आज भाजपा सरकार के जनविरोधी फैसलों के खिलाफ अकेली जेजेपी सड़क पर संघर्ष करके जनता की आवाज बुलंद करने का काम कर रही है और निश्चित तौर पर साल 2029 में जेजेपी बड़ी ताकत बनकर उभरेगी। उन्होंने कहा कि जेजेपी प्रदेशभर में युवा योद्धा सम्मेलन के जरिए युवाओं को एकजुट कर रही है। दिग्विजय ने ये भी कहा कि इस बार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की आपसी गुटबाजी ने जनभावना के साथ खिलवाड़ किया था इसलिए आज जनता ने कांग्रेस को नकार दिया है। उन्होंने कहा कि जननायक चौधरी देवीलाल की राजनीतिक धरोहर बेहद मजबूत है और जेजेपी उनके दिखाए रास्ते पर चलकर प्रदेश हित में आगे बढ़ रही है। इस अवसर पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया और अनेक युवाओं ने जेजेपी में शामिल होने की घोषणा की।

# पत्रकार चन्द्र शेखर धरणी लगातार दूसरी बार हरियाणा विधानसभा प्रेस एडवायजरी कमेटी के अध्यक्ष बने

पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता



**चंडीगढ़.** हरियाणा विधानसभा प्रेस एडवायजरी कमेटी (पीएसी) ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए वरिष्ठ पत्रकार चन्द्र शेखर धरणी को अध्यक्ष पद पर बहुमत से बने ।पी ए सी के उप प्रधान जितेंद्र चौधरी व सचिव योगिंद्र शर्मा बहुमत से बने। हरियाणा विधानसभा के सचिव राजीव प्रसाद की अध्यक्षता में पी ए सी की हुई मीटिंग में दिनेश भारद्वाज ने पिछले साल की कमेटी रिपीट करने का प्रस्ताव रखा।अनिल गाबा,दीपक बंसल,सुशील भार्गव ने इस प्रस्ताव का खुला समर्थन किया। प्रक्रिया संपन्न होने के बाद पी ए सी के नए पदाधिकारियों व अधिकांश सदस्यों ने हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण का आभार व्यक्त किया। इससे पहले विधानसभा के सचिव राजीव प्रसाद की अध्यक्षता में पी ए सी की हुई मीटिंग में सुझाव दिए गए कि हरियाणा में पंजाब पी ए सी की तर्ज पर बजट व सुविधाएं दी जाएं।पंजाब विधानसभा में जिस प्रकार पी ए सी के सदस्यों के लिए पार्किंग रिजर्व है हरियाणा में कि जाए। इससे धरणी पहले भी वित्तीय वर्ष 2024ङ्क25 में सर्वसम्मति से पीएसी के अध्यक्ष बने थे। हाल ही में विधानसभा के स्पीकर हरविन्द्र कल्याण ने विधानसभा की विभिन्न कमेटियों की तर्ज पर मान्यता प्राप्त पत्रकारों की प्रेस एडवाइजरी कमेटी का गठन कर दिया है। साल 2024-25 में बनी इस कमेटी को साल 2025-26 के लिए निरंतरता प्रदान की गई है। कमेटी का कार्यकाल 31 मार्च 2026 तक होगा, ताकि विधानसभा के बजट सत्र की व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किया जा सके। एक अप्रैल 2026 से नये सिरे से कमेटी का गठन किया जाएगा। विधानसभा स्पीकर द्वारा बनाई गई प्रेस एडवाइजरी कमेटी में वरिष्ठ पत्रकार दीपक बंसल, राकेश गुप्ता, चंद्रशेखर धरनी, योगेंद्र शर्मा, दिनेश भारद्वाज, सुशील भार्गव, अनिल गाबा, महावीर जैन, जितेंद्र चौधरी, अंकित दुदानी, पवन कुमार सींवर, निश्चल भटनागर और अनुराग अग्रवाल को शामिल किया गया है। विशेष आमंत्रित सदस्यों में राजेश जैन और संजीव शर्मा शामिल हैं।

कमेटी की जल्द ही बैठक बुलाई जाएगी, जिसमें पदाधिकारियों का चयन होगा। पत्रकारों ने स्पीकर और सलाहकार राम नारायण यादव का आभार जताया है। धरनी का नेतृत्व लगातार दो वर्षों से मीडिया और विधानसभा के बीच संवाद और पारदर्शिता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# सिल्वर स्क्रीन के 'जादूगर' भंसाली के जन्मदिन पर मनीषा कोइराला ने खास अंदाज में दी बधाई



मनोरंजन जगत में ऐसे कई फिल्मकार हुए हैं, जिनका कहानी को पर्दे पर उतारने का तरीका काफी अलग होता है। संजय लीला भंसाली उन्हीं में से एक हैं। उन्होंने अपनी फिल्मों में महिलाओं को सशक्त दिखाया है। मंगलवार को प्रतिभाशाली निर्देशक संजय लीला भंसाली अपना जन्मदिन मना रहे हैं। इस मौके पर अभिनेत्री मनीषा कोइराला ने खास अंदाज में जन्मदिन की बधाई दी। अभिनेत्री मनीषा कोइराला ने इंस्टाग्राम पर संजय भंसाली के साथ तस्वीर शेयर की। अभिनेत्री ने लिखा, जन्मदिन मुबारक हो, संजय। आपको सिर्फ प्रतिभाशाली कहना आसान है, लेकिन जो आपको सच में परिभाषित करता है, वह है आपका समर्पण। यह समर्पण सिनेमा, सुंदरता, संगीत, भावनाओं और उत्कृष्टता की निरंतर खोज के प्रति देखने को मिलता है। उन्होंने आगे लिखा, मैं हमेशा आपके काम की तारीफ करती हूं, जिसमें आप पूरी तरह से रम जाते हो। आपकी गंभीरता, अनुशासन, जुनून, और कवितामय दृष्टिकोण सब कुछ उस दुनिया का हिस्सा बन जाता है, जिसे आप खुद बनाते हैं और हम जैसी अभिनेत्रियों के लिए आपकी दुनिया में कदम रखना एक चुनौती और सम्मान दोनों हैं। उन्होंने आखिरी में लिखा, आप सिर्फ सीन का निर्देशन नहीं करते, बल्कि भावनाओं को भी आकार देते हैं। आपकी फिल्में भव्य होने के साथ गहरी संवेदनशीलता भी होती हैं। आपके जन्मदिन पर मैं कामना करती हूं कि आपके दिल में हमेशा जोश बना रहे, आपकी दृष्टि में साहस बना रहे, और वही अडिग जुनून बना रहे जो आपको आप बनाता है। मेरा स्नेह, प्रशंसा और सम्मान सदैव आपके साथ है।

# अलंकृता सहाई के करियर का नया रोमांचक अध्याय

मनोरंजन जगत में जहां हर दिन नई जोड़ियां बनती हैं, वहीं कुछ सहयोग ऐसे होते हैं जो रिलीज़ से पहले ही चर्चा का विषय बन जाते हैं। अभिनेत्री और मिस इंडिया अलंकृता सहाई का पंजाबी म्यूज़िक सेंसेशन करण औजला के साथ नया म्यूज़िक वीडियो साइन करना भी ऐसा ही एक बहुप्रतीक्षित सहयोग है, जिसने इंडस्ट्री और फैंस दोनों के बीच उत्साह की लहर पैदा कर दी है। अपने प्रभावशाली स्क्रीन प्रेज़ेंस और सहज आकर्षण के लिए जानी जाने वाली अलंकृता ने फैशन, फिल्मों और म्यूज़िक वीडियो की दुनिया में लगातार अपनी अलग पहचान बनाई है। उनकी शालीनता, भावनात्मक गहराई और कैमरे के सामने सहज अभिव्यक्ति उन्हें एक बहुआयामी कलाकार बनाती है। यह नया प्रोजेक्ट उनके करियर का एक अहम मोड़ माना जा रहा है जो बताता है कि वह सिर्फ ग्लैमर नहीं, बल्कि दमदार परफॉर्मेंस की भी पर्याय बन चुकी हैं।

सूत्रों के मुताबिक, यह गाना बड़े स्तर पर तैयार किया जा रहा है और इसकी कहानी भी खास होगी। बताया जा रहा है कि वीडियो में अलंकृता की भूमिका केंद्रीय होगी, जहां उनके भावों की बारीक अभिव्यक्ति और प्रभावी स्क्रीन उपस्थिति इस प्रोजेक्ट को अलग पहचान देगी। इस सहयोग पर बात करते हुए अलंकृता ने कहा कि आज के दौर में म्यूज़िक वीडियो सिर्फ आकर्षक दृश्यों तक सीमित नहीं रहे, बल्कि वे कहानी और भावनाओं का सशक्त माध्यम बन चुके हैं। उनके अनुसार, यह प्रोजेक्ट उन्हें अपने व्यक्तित्व के एक नए पक्ष को सामने लाने का अवसर देता है। करण औजला के साथ काम करने के अनुभव को उन्होंने प्रेरणादायक और यादगार बताया। उन्होंने कहा कि करण का संगीत के प्रति जुनून और समर्पण इस प्रोजेक्ट की ऊर्जा को और ऊंचा ले जाता है।

# साउथ मुंबई में 'वन मरीना' का धमाकेदार आगाज़

व्हाईएम इंफ्रा ने अश्विन शेट ग्रुप के साथ रणनीतिक साझेदारी में साउथ मुंबई के मरीन लाइंस में 74 मंज़िला अल्ट्रा-लक्ज़री रेसिडेंशियल टावर 'वन मरीना' लॉन्च किया है। लगभग 15 लाख वर्गफुट के इस प्रोजेक्ट का अनुमानित ग्रॉस डेवलपमेंट वैल्यू 2800 करोड़ है। 2, 3, 4 बीएचके, डुप्लेक्स और पेंटहाउस विकल्पों के साथ इसकी कीमतें 7 करोड़ से 45 करोड़ तक रहेंगी। हर फ्लोर पर लगभग छह अपार्टमेंट और 95त्न घरों से अरब सागर का नज़ारा इसकी खासियत है। व्हाईएम इंफ्रा ग्रुप के चेयरमैन सुहैल याकूब ने कहा, वन मरीना सिर्फ एक लक्ज़री एड्रेस नहीं, बल्कि साउथ मुंबई की विरासत भूमि को विश्वस्तरीय विकास में बदलने की हमारी सोच का प्रतीक है। मैनेजिंग डायरेक्टर आतिफ याकूब ने जोड़ा, यह प्रोजेक्ट सीमित सप्लाई वाले प्रीमियम माइक्रो-मार्केट में दीर्घकालिक मूल्य सृजन का अवसर प्रदान करता है।

अश्विन शेट ग्रुप के चेयरमैन और एमडी अश्विन एन शेट ने कहा, बीओमोंड और सीनर्जी के बाद सोबो में हमारी वापसी 'वन मरीना' के साथ डिज़ाइन उत्कृष्टता और दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

यह टावर आधुनिक आर्किटेक्चर, प्रीमियम अमेनिटीज़ और 722 पार्किंग स्पेस के साथ साउथ मुंबई की स्काईलाइन में नया आयाम जोड़ने जा रहा है।



## संदीपा धर ने संजय लीला भंसाली के जन्मदिन पर लिखा भावुक संदेश

# उनके साथ काम को बताया करियर का यादगार अनुभव



अभिनेत्री संदीपा धर ने फिल्मकार संजय लीला भंसाली के जन्मदिन पर एक भावुक संदेश साझा करते हुए अपने करियर के सबसे खास अनुभवों में से एक के लिए आभार व्यक्त किया है। अपनी हालिया रीलीज फिल्म 'दो दीवाने सहर में'' के लिए ढेर सारी सराहना बटोर रहीं संदीपा धर ने अपनी यात्रा को याद करते हुए यह भी कहा कि यह प्रोजेक्ट उन्हें ढेर सारे प्यार के साथ पहचान दिलाने वाला भी साबित हुआ है। संदीपा ने यह भी बताया कि वे भंसाली प्रोडक्शंस की आभारी हैं कि उन्होंने उन्हें नैना के लिए चुना और उन पर विश्वास जताया। इसके लिए वे खुद को बेहद भाग्यशाली मानती हैं। अपने नोट में उन्होंने लिखा है, उस शख्स को जन्मदिन की शुभकामनाएं, जिनके बैनर ने मुझे मेरे करियर के सबसे अर्थपूर्ण अनुभवों में से एक दियाज् हैप्पी बर्थडे, सर। अभिनेत्री ने आगे लिखा है कि इस प्रोजेक्ट के लिए मिला प्यार ऐसा था, जिसके लिए वह बिलकुल तैयार नहीं थीं, और यही बात इस सफर को और भी खास बना गई। अपने संदेश को सकारात्मक और उम्मीद भरे अंदाज़ में समाप्त करते हुए संदीपा धर ने भविष्य में फिर से साथ काम करने की इच्छा भी जताते हुए लिखा है, उम्मीद है कि आगे हम साथ मिलकर कुछ नया और खूबसूरत रचें।

आज जब संजय लीला भंसाली अपना जन्मदिन मना रहे हैं, तो संदीपा धर का यह संदेश उनके मार्गदर्शन और दृष्टि के उस गहरे प्रभाव को दर्शाता है, जो न केवल पर्दे पर बल्कि कलाकारों के दिलों में भी अपनी छाप छोड़ता है।

# टिस्का चोपड़ा ने शेयर किया घर से काम करने का 'दर्द'



अभिनेत्री टिस्का चोपड़ा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वे जिंदगी के कुछ खास पलों की यादें फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। उन्होंने शनिवार को भी कुछ ऐसा ही करते हुए एक मजेदार पोस्ट शेयर किया। अभिनेत्री टिस्का चोपड़ा ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने बताया कि आराम और काम के बीच संतुलन बनाना बेहद जरूरी है। उन्होंने लिखा, घर से काम करना सुनने में बहुत अच्छा लगता है, लेकिन जब दो लेखक एक ही डाइनिंग टेबल पर काम करें तो मुश्किल हो जाता है। मुझे समझ आया है कि घर में साफ सीमाएं होना बहुत जरूरी है, ऐसी जगह जहां आप ध्यान से काम कर सकें, समय पर काम खत्म करें, और फिर सुकून से घर जैसा महसूस कर सकें। काम काम की जगह रहे और घर, घर जैसा ही रहे। अभिनेत्री का यह पोस्ट फैंस को काफी पसंद आ रहा है। वे कमेंट सेक्शन पर तरह-तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

टिस्का चोपड़ा का अभिनय करियर काफी शानदार रहा है। भले ही टिस्का चोपड़ा पर्दे पर कम नजर आईं, लेकिन वह अपनी मौजूदगी से दर्शकों के दिलों में गहरी छाप छोड़ती हैं। अभिनेत्री पिछली बार फिल्म मर्डर मुबारक में नजर आई थीं, जो 15 मार्च 2024 को रिलीज हुई थी। इससे पहले, उनकी तेलुगु क्राइम थ्रिलर फिल्म हिट- द थर्ड केस रिलीज हुई थी। इस फिल्म में उन्होंने एडीजीपी कर्णिका आहूजा का रोल प्ले किया था। टिस्का ने हाल ही में फिल्म साली मोहब्बत से निर्देशन में डेब्यू किया है। इस फिल्म में राधिका आप्टे, दिव्येंदु, अनुराग कश्यप और वेटरन एक्टर शरत सक्सेना मुख्य भूमिका में हैं। इसका निर्माण जियो स्टूडियोज और मनीष मल्होत्रा मिलकर स्टेज5 प्रोडक्शन के बैनर तले कर रहे हैं। फिल्म की कहानी एक छोटे शहर की साधारण गृहिणी के इर्द-गिर्द घूमती है। वह जिंदगी में अचानक बेवफाई और धोखे के जाल में फंस जाती है। फिर शुरू होती है उसकी जिंदगी की असली जंग। कहानी में प्यार, धोखा, बदला और आत्म-सम्मान जैसे कई गहरे मुद्दे छुए गए हैं।

# पूजा भट्ट : जब खुद को खोने से बचाने के लिए खत्म कर दी 11 साल की शादी

बॉलीवुड की दुनिया में कई सितारे अपने करियर और निजी जिंदगी को लेकर लगातार चर्चाओं में रहते हैं, लेकिन कुछ कलाकार ऐसे भी हैं, जो अपनी पसंद से जिंदगी को जीना चुनते हैं। उनमें से एक नाम है पूजा भट्ट, जिन्होंने अपनी जिंदगी में सभी फैसले खुद लिए। उनका साफ कहना है कि वह अपनी जिंदगी उसी तरह जीना चाहती हैं, जैसे वह चाहें बिना किसी दबाव या सामाजिक अपेक्षाओं के। 24 फरवरी 1972 को जन्मीं पूजा भट्ट फिल्मों, विवादों और परिवार के कारण काफी सुर्खियों में रहीं। महेश भट्ट की बेटी होने के बावजूद उन्होंने खुद की अलग पहचान बनाने के लिए कड़ी मेहनत की। उनकी जिंदगी में कई मोड़ आए, जहां उन्होंने अपने फैसले खुद लिए।

पूजा ने 17 साल की उम्र में फिल्म डैडी से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा। इसके बाद उन्होंने कई चर्चित फिल्मों में काम किया, जिनमें दिल है कि मानता नहीं, सड़क, जख्म, और सनम तेरी कसम जैसी फिल्में शामिल हैं। अपने पेशेवर जीवन से अलग वह निजी जीवन को लेकर भी चर्चाओं में रहती हैं।

पूजा ने साल 2003 में मनीष मखीजा से शादी की और 11 साल बाद दोनों ने तलाक का फैसला किया। इन सब को लेकर पूजा ने एक इंटरव्यू में कहा था, मैं अपनी जिंदगी की प्राथमिकताओं को खुद तय करती हूं। चाहे करियर के फैसले हों या व्यक्तिगत रिश्ते, मैं हमेशा अपनी खुशियों को सबसे ऊपर रखती हूं। मेरा मानना है कि शादी एक खूबसूरत रिश्ते का हिस्सा हो सकती है, लेकिन जीवन की सफलता और खुशी के लिए अनिवार्य नहीं है। मेरी लाइफ शादी के बिना अधूरी नहीं है। जो चाहती हूं, मैं वही करती हूं।

बिग बॉस ओटीटी 2, पूजा ने तलाक के दर्द को भी बयां किया और बताया कि तलाक लेने का फैसला पूरी तरह से उन्हीं का था। उन्होंने कहा, मैं आगे शादी जारी नहीं रखना चाहती थी, इस कारण मैंने अलग होने का फैसला किया था। मैं हमेशा अपनी जिंदगी आराम से जीना चाहती थी। यही वजह है कि मैंने अपने 10 से 11 साल के रिश्ते को नहीं बचाना चाहा। मेरे पति बुरे इंसान नहीं थे। मैंने सोचा कि इस शादी के साथ मैंने खुद को भी खो दिया है, जो कि मुझे मंजूर नहीं हो रहा था। मैं खुद को वापस पाना चाहती थी और तभी ये फैसला भी किया।


पूजा भट्ट ने एक्टिंग से लेकर डायरेक्शन और प्रोडक्शन तक, हर क्षेत्र में अपनी मर्जी से कदम रखा। उन्होंने फिल्मों जिस्म, पाप, धोखा और कजरारे का निर्देशन और प्रोडक्शन किया।

# फिल्मी गजल को दी नई पहचान, तलत महमूद ने कैसे बदला संगीत का अंदाज

हिंदी सिनेमा का संगीत हमेशा बदलता रहा है, लेकिन कुछ कलाकार ऐसे होते हैं जो सिर्फ दौर का हिस्सा नहीं बनते, बल्कि खुद एक नया दौर रच देते हैं। तलत महमूद उन्हीं चुनिंदा नामों में से एक हैं। उन्होंने 1950 के दशक में फिल्मी दुनिया को गजल की ऐसी मिठास दी, जिसने गीतों के मायने ही बदल दिए। उस समय फिल्मों में यादातर सीधी-सादी धुनें और रोमांटिक गीत हुआ करते थे, लेकिन उन्होंने उर्दू अदब, शायरी और भावनाओं की गहराई को पर्दे पर उतारा। 24 फरवरी 1924 को लखनऊ में जन्मे तलत महमूद की आवाज में एक खास तरह की हल्की कंपन होती थी, जो सुनने वाले के दिल को छू जाती थी। जब वह किसी शेर को गाते तो ऐसा लगता जैसे हर शब्द को महसूस करके पेश किया जा रहा हो। उनकी गायकी में शोर नहीं, बल्कि सादगी होती थी। यही वजह रही कि फिल्मी गजल को एक अलग शैली के रूप में पहचाना जाने लगा। 1950 का दशक उनके लिए सुनहरा दौर था। शाम-ए-गम की कसम, जलते हैं जिसके लिए और फिर वही शाम वही गम जैसे गीतों के जरिए उन्होंने साबित कर दिया कि गजल बड़े पर्दे पर भी असरदार हो सकती है। उस दौर में जब कई गायक ऊंची आवाज में गा रहे थे, तब तलत ने धीमे अंदाज से अपनी जगह बनाई। उनकी उर्दू पर मजबूत पकड़ ने भी फिल्मी संगीत को समृद्ध किया। शब्दों का सही उचारण, हर लफ्ज की साफ अदायगी और शायरी की समझ, ये सब मिलकर उनकी गायकी को अलग बनाते थे। उनकी वजह से संगीतकारों ने भी गजल आधारित धुनों पर यादा काम करना शुरू किया। इस तरह फिल्मी गजल एक पहचान बन गई और दर्शकों ने इसे खुले दिल से अपनाया।

तलत महमूद का असर सिर्फ भारत तक सीमित नहीं रहा। 1960 में उन्होंने तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान, जो आज बांग्लादेश है, की एक फिल्म के लिए दो बंगाली गीत गाए। यह उस समय में बड़ी बात थी। भाषा अलग थी, लेकिन उनकी आवाज की मिठास ने वहां भी लोगों को अपना दीवाना बना लिया। यह उनके अंतरराष्ट्रीय प्रभाव का प्रमाण था।

# रियलिटी शो 'द 50' से बाहर आकर मोनालिसा ने लिखा इमोशनल नोट



भोजपुरी सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री मोनालिसा रियलिटी शो द 50 से बाहर आ गई हैं। मंगलवार को उन्होंने एक पोस्ट के जरिए इस बात की जानकारी दी। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एविक्शन की तस्वीर शेयर की और लिखा, बहुत भारी दिल के साथ आपको बताना पड़ रहा है कि मुझे द 50 पैलेस से बाहर निकलने का आदेश मिल गया है, लेकिन मुझे खुशी और गर्व है कि मैं पिछले 20 सालों से अपने फैंस के दिलों में हूं और हमेशा रहूंगी। मोनालिसा ने शो से जुड़े सभी लोगों का दिल से धन्यवाद दिया जिन्होंने उन्हें इस शो में हिस्सा बनने का मौका दिया। उन्होंने लिखा, इस शो में मुझे 50 सेलेब्रिटीज के बीच रहना मेरे लिए एक बेहतरीन अवसर था। उन्होंने आगे लिखा, मैं भगवान की आभारी हूं कि मुझे नई-नई चीजें सीखने और नए मौके पाने का अवसर मिलता है। द 50 भी ऐसा ही एक नया अनुभव था। इसका कॉन्सेप्ट और गेम्स बिल्कुल अलग थे, जिन्हें शायद मुझे फिर कभी खेलने का मौका न मिले। यह अनुभव बहुत मजेदार और शानदार रहा।

उन्होंने अपनी बात खत्म करते हुए लिखा, विक्रांत मेरे मजबूत साथी (मेरे प्यार) और एक बेहतरीन खिलाड़ी अभी भी घर के अंदर हैं। मुझे उन पर बहुत गर्व है। आप सभी उनके लिए हमेशा प्यार और समर्थन बनाए रखें। सभी का दिल से धन्यवाद। अभिनेत्री ने शो में शानदार प्रदर्शन किया था। वे इस शो में अपने पति विक्रांत सिंह के साथ नजर आई थीं। हालांकि, मोनालिसा बाहर आ गई हैं, लेकिन उनके पति शो में ही हैं। शो का कॉन्सेप्ट बाकी रियलिटी शो से थोड़ा सा अलग है। बनिजय एशिया का रियलिटी शो द 50 जियो हॉटस्टार और कलर्स पर स्ट्रीम हो रहा है। शो में युविका चौधरी, प्रिंस नरूला के साथ रिद्धि डोगरा, करण पटेल, मिस्टर फैजू, मोनालिसा, विक्रांत सिंह, दिव्या अग्रवाल, शाइनी दोशी, दुष्यंत कुकरेजा, शिव ठाकरे, नीलम गिरी, डिंपल सिंह, चाहत पांडे, हामिद बार्कजी, सुमायरा शेख, लवकेश कटारिया, नेहल चुडासमा, सपना चौधरी, निक्की तंबोली, अरबाज पटेल, वंशज सिंह, कृष्णा श्रॉफ समेत अन्य सितारे नजर आ रहे हैं।



# खानपान ही नहीं, कफ से भी मोटापा का संबंध

आज के समय में बढ़ता वजन या मोटापा एक बड़ी समस्या बन चुकी है। अक्सर इसका दोष खान-पान पर मढ़ा जाता है। मगर कम ही लोग जानते हैं कि यह शरीर में बढ़ते 'कफ दोष' का भी नतीजा हो सकता है। आयुर्वेद के अनुसार, जब कफ और मेद (चर्बी) बढ़ जाता है, तो शरीर भारी होने लगता है, भूख कम लगती है, लेकिन वजन तेजी से बढ़ता है। इसे आयुर्वेद में 'स्थौल्य' कहते हैं। आयुर्वेद के विशेषज्ञ बताते हैं कि कफ का गुण ठंडक, भारीपन और स्थिरता हैं। यही गुण जब बढ़ जाते हैं, तो पाचन धीमा हो जाता है, मेटाबॉलिज्म सुस्त पड़ता है और चर्बी जमा होने लगती है। खासकर पेट, कूल्हे और जांघों में चर्बी बढ़ना कफ-प्रधान मोटापे का लक्षण है। कफ बढ़ने के मुख्य कारण पर नजर डालें तो ठंडी-भारी चीजें जैसे दही, आइसक्रीम, ज्यादा दूध का सेवन, देर तक सोना, कम चलना-फिरना, तला-भुना, मीठा और फास्ट फूड ज्यादा खाना, रात को देर से और भारी खाना, दिन में झपकी लेना और आलस्य वजह हैं। आयुर्वेद में कफ-प्रधान मोटापे के लक्षण को भी बताया गया है। इसमें सुबह शरीर भारी लगना, कम भूख लेकिन मीठा खाने की तलब, चेहरा फूला-फूला सा रहना, पसीना कम आना, जल्दी थकना, सुस्ती और नींद ज्यादा आना और पाचन धीमा और कभी-कभी कब्ज की समस्या भी शामिल है। आयुर्वेद कहता है कि कफ को संतुलित करने पर वजन अपने आप कम हो जाता है। इसके लिए कुछ आसान उपाय हैं, जैसे दिन की शुरुआत गुनगुने पानी या नींबू-शहद के पानी से करें। मूंग दाल, खिचड़ी, जौ, दलिया जैसे हल्के भोजन लें। करेला, मेथी, परवल, लहसुन-अदरक, हल्दी ज्यादा इस्तेमाल करें। मौसमी सब्जियां और फल लाभदायी हैं। मीठा, तला हुआ, दही, आइसक्रीम, कोल्ड ड्रिंक का सेवन न के बराबर करें। रात का खाना हल्का और जल्दी खाएं। सुबह जल्दी उठें। सूर्य नमस्कार, कपालभाति, अग्निसार जैसे प्राणायाम करें और दिन में सोने से बचें और नियमित समय पर खाना खाएं। कफ दोष को संतुलित करने से मेटाबॉलिज्म तेज होता है और वजन प्राकृतिक रूप से कम होने लगता है। कोई भी उपाय शुरू करने से पहले आयुर्वेदिक चिकित्सक से सलाह जरूर से लेनी चाहिए। रात में मेथी दाना भिगोकर सुबह खाने से लाभ मिलता है। खाली पेट त्रिफला चूर्ण और दिन में छाछ में सेंधा नमक डालकर पीना भी लाभ देता है।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : श्री शिवम ग्रोवर, मुद्रक : इंप्रेशन प्रिंटिंग प्रेस एंड पैकेजिंग लिमिटेड, भूतल प्लांट नं.-22, प्रथम तल, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला में मुद्रित। प्रकाशन स्थल : पंचकूला ऑब्जर्वर, प्लॉट नं.-365, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-1, पंचकूला। मुख्य संपादक : श्री अरुण ग्रोवर, समाचार चयन एवं प्रकाशन की समस्त जिम्मेदारी प्रेस एवं रजिस्ट्रेशन ऑफ पीरियोडिकल्स (PRP) एक्ट के अंतर्गत पंचकूला न्यायालय क्षेत्राधिकार में निहित होगी। RNI पंजीकरण संख्या : HRB/L/25/A3417 संपर्क मोबाइल : 98888-86909, ई-मेल : panchkulaobservernews@gmail.com